


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 5 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-128 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कैप्सूल वाहन व ट्रक में जोरदार भिड़ंत

**जांजगीर-चाम्पा,5 अगस्त।** शिवरीनारायण के केरा रोड में कैप्सूल वाहन और ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गई है. टक्कर के बाद दोनों वाहनों के ड्राइवर केबिन में फंस गए. किसी तरह ट्रक के ड्राइवर को निकालकर खरौद अस्पताल भेजा गया है, जिसकी हालत गम्भीर है, वहीं कैप्सूल वाहन का ड्राइवर केबिन में फंसा हुआ है, जिसे निकालने की कोशिश जारी है. नगर पंचायत के जेसीबी को बुलाया गया है. मौके पर डायल 112 की टीम के साथ लोगों की भीड़ मौके पर मौजूद है. हादसे के बाद सड़क की दोनों ओर वाहनों की कतार लगी हुई है. टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. कैप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 8122 और ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 9155 में केरा रोड में जोरदार भिड़ंत हुई है. फिलहाल, कैप्सूल वाहन के ड्राइवर को निकालने का प्रयास जारी है और मौके पर लोगों की भीड़ जुटी हुई है.

### मंदिर से सोने-चांदी के जेवरात पार

**सक्ती,5 अगस्त।** जैजैपुर ब्लॉक के घिवरा गांव के डोकरी दाई मंदिर में देर रात चोरों धावा बोला है और मंदिर से सोने-चांदी जेवरात को चोर, चोरी करके ले गया है. वारदात को अंजाम देते चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहा है. मौके पर लोगों की भीड़ जुटी हुई है और मामले में बिर्रा पुलिस जांच कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार, घिवरा गांव स्थित डोकरी दाई मंदिर में देर रात 1 से 2 बजे के बीच मंदिर के गेट में लगे ताले को तोड़कर, चोर मंदिर के अंदर घुसा और डोकरी दाई की मूर्ति से सोने-चांदी के जेवरात को चोरी करके ले गया है. सोने-चांदी के जेवरात की कीमत 2 से 3 लाख रूपये बताई जा रही है. वारदात को अंजाम देते चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहा है. फिलहाल, सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची हुई है और मामले की जांच कर रही है.

### फुटु की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 5 लोग बीमार

**बिलासपुर,5 अगस्त।** फुटु की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 5 लोग बीमार पड़ गए हैं. पुटू खाने से सभी के पेट में दर्द होने लगा. जिसके बाद पांचों को सिम्स में भर्ती कराया गया है. सभी का इलाज जारी है. यह मामला कोनी थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, कोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरताल निवासी किसान आशीष सूर्यवंशी खेत के मेड़ में उगे पुटू को घर लेकर आया था. जिसका सब्जी बनाकर घरवालों ने खा लिया. पुटू की सब्जी खाने से आशीष उसकी पत्नी मनीषा समेत परिवार के 5 लोगों के पेट में दर्द होने लगा. जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सिम्स में भर्ती कराया गया है.

### सेप्टिक टैंक में बना रहे थे महुआ शराब, एक की मौत, दो बेहोश

**कोरबा 5 अगस्त ।** कोरबा शहर के सीतामढ़ी क्षेत्र में निर्माणाधीन एक सेप्टिक टैंक में गृहस्वामी पर महुआ शराब बनाने का अवैध कार्य करने का आरोप लगा हैं। बताया जा रहा हैं की निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक को सुरक्षित मानकर उसमें शराब बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। महुआ लहान निकालने 10 फीट गहरे टैंक में उतरा 30 वर्षीय नरेंद्र कुमार सहिस नामक व्यक्ति बेहोश हो गया। यह जानकारी मिलने पर मान गुड्डु और बिहारी यादव नामक दो युवक भी बारी-बारी से टैंक में उतरे लेकिन वह दोनों भी बेहोश हो गए। इससे बस्ती में हो-हल्ला मच गया स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीनों को टैंक से बाहर निकाल चिकित्सक के पास ले गए।

# इमरान खान को 3 साल की जेल 5 साल के लिए अयोग्य करार

### एक लाख रुपये का जुर्माना भी,गिरफ्तार



**करांची,5 अगस्त।** एक बड़े घटनाक्रम में जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को तोशाखाना मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को दोषी ठहराया और उन्हें तीन साल जेल की सजा सुनाई। अदालत ने पीटीआई प्रमुख पर 100,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री 5 साल के लिए अयोग्य करार दिए गए हैं। यानी इमरान खान अब पांच सालों तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को शनिवार को तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के तुरंत बाद लाहौर में उनके जमान पार्क आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

उनकी पार्टी पीटीआई ने एक बयान में कहा कि यह बिल्कुल शर्मनाक और घृणित है कि कैसे कानून का मजाक उड़ाया जा रहा है क्योंकि इमरान खान को अयोग्य ठहराने और जेल में डालने की इच्छा है। आज सुनवाई के दौरान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) हुमायूं दिलावर ने फैसला सुनाया कि मामले में पूर्व प्रधान मंत्री के खिलाफ आरोप साबित हुए हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान के चुनाव आयोग को फर्जी विवरण प्रस्तुत किए और उन्हें भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया गया है। खान पर अपने 2018 से 2022 के प्रीमियरशिप का दुरुपयोग राज्य के कब्जे में उपहार खरीदने और बेचने के लिए करने का आरोप है, जो विदेश यात्राओं के दौरान प्राप्त हुए थे और जिनकी कीमत 140 मिलियन रुपये (635,000 अमेरिकी डॉलर) से अधिक थी। ये वही केस है जिसमें बार-बार अदालत ने बुलाया लेकिन वो पेश नहीं हुए। इस्लामाबाद हाई कोर्ट से रिलीफ लेते रहे। पीटीआई के पंजाब चैप्टर ने एक ट्वीट के साथ रिपोर्टों की पुष्टि करते हुए कहा कि इमरान खान को कोट लखपत जेल ले जाया जा रहा है।

# ज्ञानवापी की रेडिएशन तकनीक से जांच, मुस्लिम पक्ष भी मौजूद

**लखनऊ,5 अगस्त**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में अपना वैज्ञानिक सर्वेक्षण कार्य फिर से शुरू कर दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि 17 वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं। एक दिन पहले दिन भर चले अभ्यास के दौरान एएसआई सर्वेक्षण टीम के साथ मौजूद सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने शनिवार को कहा कि टीम ने सुबह काम शुरू किया और यह शाम 5 बजे समाप्त होगा। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता भी ज्ञानवापी पहुंचे। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने पहले सर्वे का बहिष्कार किया था। हिंदू वादी के वकील सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि सर्वेक्षण आज सुबह 9 बजे शुरू हुआ। यह सर्वेक्षण का दूसरा दिन है...हम चाहते हैं कि लोग सर्वेक्षण में



सहयोग करें और इसे जल्द से जल्द पूरा करें। हम पूर्ण सहयोग और भागीदारी दिखा रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आएं। हम इसका स्वागत करते हैं। हम चाहते हैं कि मामला जल्द सुलझ जाए...सर्वेक्षण से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वेक्षण पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह अतीत के घावों को फिर से हरा देगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, एएसआई से सर्वेक्षण के दौरान कोई आक्रामक कार्य नहीं करने को कहा। इसने खुदाई को खारिज कर दिया, जिसे वाराणसी अदालत ने कहा था कि यदि आवश्यक हो तो आयोजित किया जा सकता है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी एएसआई टीम द्वारा 21 जुलाई को वाराणसी जिला अदालत द्वारा दिए गए विस्तृत वैज्ञानिक सर्वेक्षण को फिर से शुरू करने के कुछ ही घंटों बाद आई। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने जिला अदालत के आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसने गुरुवार को उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद मुस्लिम संस्था ने तुरंत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# नूंह में 45 से ज्यादा अवैध निर्माण हटाए गए

**चंडीगढ़,5 अगस्त।** हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद धीरे-धीरे शांति लौट रही है। इसी बीच सरकार सख्ती के मूड में नजर आ रही है। प्रशासन ने शुक्रवार को 150 झुग्गियों



और पांच अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाया था। शनिवार को एक बार फिर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसएचकेएम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के पास की गई है। यहां बने अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया है। प्रशासन ने 2.5 एकड़ जमीन खाली करवा ली है। हरियाणा प्रशासन द्वारा नूंह जिले में एसकेएम सरकारी मेडिकल कॉलेज के पास अवैध निर्माण को शनिवार को ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद नूंह एसडीएम अश्विनी कुमार ने कहा, %यह सीएम मनोहर लाल खट्टर के निर्देश पर किया गया है। अतिक्रमण 2.6 एकड़ में फैला हुआ था। यह सब अवैध निर्माण था। यह पाया गया है कि इनमें से कुछ लोगों की हाल की हिसंक झड़पों में संलिप्तता थी। जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के पास अवैध दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। इसके अळावा अवैध कब्जे भी खाली कराए गए हैं। शनिवार सुबह प्रशासन की टीम नलहार मंदिर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज के पास पहुंची और वहीं मौजूद अवैध कब्जों को हटाने का काम शुरू कर दिया। हिंसा के बाद सरकार के बुलडोजर एक्शन से अवैध निर्माण करने वालों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इससे पहले नूंह के तावडू में सरकारी जमीन पर कथित तौर पर कब्जा कर बनाई गईं लगभग 250 झुग्गियों एवं अन्य अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। ये मकान उसी मार्ग पर स्थित थे जिस पर इस हफ्ते के शुरुआत में विहिप की जलाभिषेक यात्रा पर हमला किया गया था। प्रशासन ने यह कार्रवाई सोमवार को मुस्लिम बहुल जिले में सांप्रदायिक दंगा भड़कने के तीन-चार दिन बाद की थी। हालांकि नूंह के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने इस बात से इनकार किया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का हालिया हिंसा से कोई संबंध है। लेकिन बाद में विज ने चंडीगढ़ में संवाददाता सम्मेलन में संकेत देते हुए कहा, इलाज में बुलडोजर भी एक कार्रवाई है।



### सरकार को जगाने हड़ताली जूडो ने की आरती

**रायपुर,5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के जूनियर डॉक्टर्स स्टाइपेंड की मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर हैं. रायपुर के भीमराव अंबेडकर अस्पताल के परिसर में जूनियर डॉक्टर्स प्रदर्शन कर रहे हैं. जूडो के हड़ताल से इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही है. वहीं हड़ताल के पांचवे दिन अनूठा प्रदर्शन कर रहे है. आरती और धूप दीप के साथ सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे है.

### महिलाओं ने किया शराब तस्करों का पर्दाफाश

**महासमुंद,5 अगस्त।** जिले से खबर आई है जहां जो काम पुलिस और आबकारी विभाग को करना चाहिए, वह काम ग्राम की महिला समूहों ने कर दिखाया है। पूरे जिले में इस बात की चर्चा जोरों पर चल रही है। हम बात कर रहे हैं महासमुंद जिले के ब्लॉक पिथौरा से लगा ग्राम सेवैया (कला) की. यहां अवैध



महुआ शराब बनाने का काम चल रहा था। जिन्हें ग्रामीण महिलाओं ने रंगे हाथों पकड़ लिया। रामप्रसाद साहू, सरपंच टेका- माधुरी पटेल, महिला समूह संगठन के ग्रामीण महिलाओं का जिन्होंने ग्राम में अवैध महुआ शराब बना रहे थे। ग्रामीणों ने रात्रि में दबिश देकर आरोपियों को भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने के समान के साथ गिरफ्तार करवा दिया है। गांव की महिलाएं बडी संख्या में शराब पकड़ने का मुहिम चला रही है। इस मुहिम के दौरान भारी मात्रा में महुआ लाहन को नष्ट किया गया। साथ ही शराब के साथ परमानन्द ध्रुव एवं युवराज बघेल को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। आरोपियों के खिलाफ पिथौरा पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

# राजधानी में भाजपा पार्षदों की पोल खोल यात्रा

**रायपुर,5 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज से बीजेपी पार्षदों का पोल खोल अभियान शुरू हो गया है. कांग्रेस की प्रगति यात्रा के जवाब में भाजपा ने पोल खोल यात्रा की शुरुआत की है. भाजपाई महापौर एजाज ढेबर के कार्यों की पोल खोलेंगे. जयस्तंभ चौक से इस अभियान की शुरुआत की गई. बीजेपी पार्षद दल 10 अगस्त तक इस अभियान के जरिए शहर का निरीक्षण करेंगे. नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, नगर निगम का बीजेपी पार्षद दल आज काले कपड़े पहनकर शहर के बीचों बीच बड़ा प्रदर्शन कर रहे हैं. अपने इस पोल खोल प्रदर्शन में बीजेपी पार्षद दल कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे प्रगति यात्रा का विरोध कर रहा है. साथ ही शहरभर में हुए गड्ढों का हिसाब मांग रहा है. चौबे ने कहा, पिछले दिनों शहरभर में किए गए काम नाकाफी है. बारिश के मौसम में जलमग्न की स्थिति बता रहा कि निगम ने जनता के साथ धोखा किया है. महापौर ने 3 साल में कुछ नहीं किया है. रायपुर शहर को खोदापुर बना दिया है. नगर निगम के भाजपा पार्षदों द्वारा महापौर की पोल खोल यात्रा पर महापौर एजाज ढेबर ने कहा, लोग प्रगति यात्रा की सफलता के बाद लगातार उसमें लोग जुड़ रहे हैं. लोगों का जनसैलाब हम लोगों के साथ चल रहा है. स्वाभाविक है, क्रिया की प्रतिक्रिया होगी, क्योंकि चुनावी वर्ष है. कोई भी खुला मैदान यूं ही नहीं छोड़ देता. यह विपक्ष है. हम कोई चीज करेंगे तो क्रिया की प्रतिक्रिया देंगे पर हमें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता. हम पब्लिक के बीच में जाएंगे. पब्लिक के लिए हमने काम किया है साढ़े 4 साल इसीलिए हम पब्लिक के बीच में जाएंगे. पब्लिक का जो भी काम होगा उसको करेंगे. ढेबर ने कहा, प्रगति यात्रा हमारे डेली रूटीन पर चल रही है. फिर हमारी सोमवार को यात्रा प्रारंभ होगी. हम जनता के बीच जा रहे हैं. जनता से उनकी जो समस्या है उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं. जो वहां और भी परेशानी सामने निकलकर आ रही है उसका भी हम लोग समाधान कर रहे हैं. मुझे लगता है इस प्रगति यात्रा से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद घबरा गए हैं और पोल खोल अभियान चला रहे हैं. वह नगर निगम के सम्मानित सदस्य नहीं है, क्या वह परिवार के हिस्सा नहीं है, क्या उनका नगर निगम नहीं है. खाली अपने आप को नेताओं को सुपरविजन पर बताना इस तरीके का यह ठीक नहीं है.

महापौर ने कहा, हमें लगता है वह भी हमारे परिवार के सदस्य हैं. अभी हमने 50-50 लाख रुपए लाया है. हम चाहते तो कांग्रेस के पार्षदों को देते, लेकिन हमने दोहरी राजनीति नहीं की है. हमने उन सभी लोगों के लिए भी पैसा लाया, जो उनका भी वार्ड हमारे लोग रहते हमारे भी वह पार्षद हैं. उनके वार्ड में काम होगा तो हमारे वार्ड में काम होगा. हम दिल को बड़ा रखकर काम करते हैं. इस तरीके से उनको भी काम करना चाहिए. पहले तो वह अपने खुद की पोल खोल ले फिर वह बाद में हमारी पोल खोलें.



### भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव को छत्तीसगढ़ सरकार ने दी शासकीय सेवा की सौगात

# सुविधाओं के अभाव में भी खिले पुष्प का स्वागत

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद की स्पर्धा मुख्यतः एकल, युगल या बहु खिलाड़ी याने टीम के आधार पर होती है। इसमें से एकल याने एक के विरूद्ध एक वाली प्रतियोगिता में सफलता हासिल करना सबसे कठिन होता है। युगल में या टीम के रूप में खेली जाने वाली चैंपियनशिप में विजेता बनना सिर्फ एक प्रतिभागी पर निर्भर नहीं करता वरन अन्य साथी खिलाड़ी के सहयोग से पदक हासिल करने का मार्ग प्रशस्त होता है। हाल ही में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव ने जूनियर कामनवेल्थ गेम्स, सीनियर कामनवेल्थ गेम्स में 49 किग्रा दोनों वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही ज्ञानेश्वरी ने जूनियर एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। दोनों ही टूर्नामेंट गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ग्रेट नोएडा नई दिल्ली एनसीआर उत्तरप्रदेश में सम्पन्न हुए थे। इस प्रकार 11 जुलाई से 16 जुलाई के बीच सम्पन्न राष्ट्रमंडल तथा 28 से 5 अगस्त 2023 के मध्य आयोजित चैंपियनशिप में ज्ञानेश्वरी ने दो स्वर्ण और एक रजत हासिल किया। इसके साथ ही कामनवेल्थ मुकाबले के जूनियर वर्ग में बेस्ट लिफ्टर का खिताब के लिए उन्हें चुना गया। ज्ञानेश्वरी ने 25 दिनों के अंदर अलग-अलग प्रदर्शन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दो स्वर्ण, एक रजत पदक जीता। उल्लेखनीय है ज्ञानेश्वरी की इस उपलब्धि के पीछे खेल के प्रति उनका लगाव, समर्पण लेकिन इसके अलावा उनके अभिभावकों, परिवार के सदस्यों, प्रशिक्षक तथा राजनांदगांव भारोत्तोलन संघ के पदाधिकारियों की भूमिका भी प्रभावी रही। एक साधारण परिवार में जन्म लेकर ज्ञानेश्वरी का जूनियर वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करना यह साबित करता है कि उनमें प्रतिभा, परिश्रम की कोई कमी नहीं बस उन्हें उचित खान-पान, परिवहन, आवास, सटीक प्रशिक्षण और युवा होने के नाते सुरक्षा की आवश्यकता है। इस हिसाब



से उनके प्रशिक्षक अजय लोहार, खेल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों, दानदाताओं के साथ ही आजमानी परिवार का निरंतर संरक्षण, सहयोग मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद जितने भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पदक खिलाड़ियों ने अपनी झोली में लाये हैं उनका अध्ययन कर लिया जाए तो पता चल जायेगा कि राज्य शासन या खेल विभाग की ऐसी प्रतिभाओं के लिए क्या भूमिका रही। खेल को राजनीति से अवश्य ही अलग रखना चाहिए लेकिन जब ऐसी कोई उपलब्धि होती है तो शासन-प्रशासन में बैठे लोग इसका श्रेय लेने में कोई कमी नहीं करते। इसके अलावा खल के ऐसे महान सितारों का सम्मान करने की या पुरस्कृत करने की बात आती है तो अधिकांश को शासकीय सेवा में छोटा पद देकर संतुष्ट किया जाता है ऐसा करके संबंधित राजनेता और अधिकारी यह साबित करना चाहते हैं कि वे छत्तीसगढ़ की महान खेल प्रतिभाओं के साथ हैं। इसका उदाहरण स्वयं राजनांदगांव की उभरती हुई भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव हैं जिन्होंने सुविधाओं के अभाव में इतिहास रच दिया और छत्तीसगढ़ की आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श प्रस्तुत किया है। ऐसी महान खिलाड़ी को पुलिस विभाग में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक याने एक सितारा पुलिस कर्मचारी की छाप दे दी गई है। यह निर्णय जिन्होंने भी लिया हो लेकिन उस पर छत्तीसगढ़ सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली ज्ञानेश्वरी को कम से कम पुलिस विभाग में रक्षित निरीक्षक याने रिजर्व इंस्पेक्टर की सेवा दी जानी चाहिए थी। लगता है पुरस्कृत करने वालों को नहीं मालूम कि भारोत्तोलन जैसे खेल के खिलाड़ियों का जीवन आमतौर पर पांच-छः साल से अधिक नहीं होता है आगे उन्हें सीनियर वर्ग में और सफलता मिलेगी तो छत्तीसगढ़ राज्य में स्पोर्ट्स आफिसर, डीएसपी या डिप्टी कलेक्टर जैसे पद से नवाजा जा सकेगा। परंतु भारोत्तोलन जैसे जोखिम भरे खेल में चोट लगने या अधिक प्रतिभाशाली प्रतिभागी आने की वजह से आगे नहीं बढ़ सके तो कम से रिजर्व पुलिस निरीक्षक से उपर पदोन्नति द्वारा सम्मानजनक जीवन जिया जा सकता है। खिलाड़ियों के प्रति जब तक सोच नहीं बदलेगी छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी पैदा होना संभव नहीं है।

# दुकान में भीषण आग लाखों के सामान खाक

**कांकेर-चारामा, 5 अगस्त।** कांकेर जिले में एक दुकान में भीषण आग लग गई। इससे दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक और कृषि के सामान जलकर खाक हो गए है !घटना की जानकारी मिलते ही फायर बीग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई !बताया जा रहा है कि इस आगजनी की घटना में लाखों का नुकसान हुआ है मामला चारामा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30



से सटे रामजानकी मंदिर चौक के पास शुभ लक्ष्मी ट्रेडर्स दुकान में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। घटना की सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ! इस आगजनी की घटना में दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक और कृषि के सामान जलकर खाक हो गए हैं आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आगजनी की घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गए है।

### पति-पत्नी की मिली लाश, हत्या की आशंका

**कोरबा 5 अगस्त।** कोरबा में आज सुबह उस वक्त सनसनी फैल गयी, जब बुजुर्ग दंपत्ति की लाश मिल गयी। घटना कोरबा के पसान थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग दंपत्ति की लाश जिस हालत में मिली है, उससे एक बात तो साफ है कि मामला हत्या का है। हालांकि पुलिस इस मामले में जांच के बाद ही कुछ बोलने की बात कह रही है। लाश डिकंपोज हो चुका है, लिहाजा आशंका है कि वारदात दो से तीन दिन पुरानी हो सकती है। घटना पसान थाना इलाके के लैगा गांव के छेरकाबांध बस्ती की है। मकान में पति-पत्नी ही रहा करते थे। दो दिन से दंपत्ति को लोगों ने देखा नहीं थी।

## एक नजर

### पकड़े जाने पर जान से मारने की धमकी

**भिलाई,5 अगस्त।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में स्थित अमित पेट्रोल पंप महाराज चौक में 2 कर्मियों द्वारा पेट्रोल व डीजल चोरी कर धोखाधड़ी एवं पकड़े जाने के बाद प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज की गई है। पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 420, 467, 468, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने पेट्रोल डीजल भरने के बाद नकली बिल देकर लगभग डेढ़ लाख रुपए का धोखा दिया था पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों द्वारा गाड़ियों में कम मात्रा में तेल भरा जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर गाड़ी मालिक ने पंप संचालक से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रार्थी ने न्यायालय का सहारा लिया था। पद्मनाभपुर निवासी रविशंकर माण्डले किराए पर गाड़ी देने का काम करता है। उसकी तीन गाड़ियों में रोजाना तय मात्रा में 1010 1010 रुपए का पेट्रोल भरा जाता था। रविशंकर माण्डले ने यह पाया पेट्रोल पम्प के स्टाफ युवराज मारकंडे व अजय महेरा द्वारा कम पेट्रोल डाला जा रहा है। तीनों गाड़ियों में डाले गए पेट्रोल का बिल 5,32,782.99 बताया गया। रविशंकर माण्डले ने 3,83,000 रुपए का भुगतान किया और शेष रकम 1,49,782.39 पेट्रोल भरने वाले स्टाफ से लेने के लिए कहा। स्टाफ उनकी गाड़ियों में पेट्रोल कम भरकर धोखाधड़ी करते थे। यही नहीं बिल मांगने पर दूसरी गाड़ियों का फर्जी बिल थमा देते। इसके अलावा पंप का सीसी टीवी फुटेज जांचने पर भी पता चला कि कर्मचारियों द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। इस काम में रविशंकर के गाड़ियों के ड्रायवरों की भी मिली भगत सामने आई। जब प्रार्थी ने दोनों कर्मियों के परिवार वालों को भी इसकी जानकारी दी तो पहले परिवार वालों ने लगभग 1.5 लाख रुपए का भुगतान 4 दिन में कर दिए जाने एवं पुलिस में शिकायत न करने की बात कही। समय निकल जाने के बाद रकम नहीं देने की बात कह कर जान से मारने की धमकी प्रार्थी को दी गई परेशान होकर प्रार्थी ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था ।

### भिलाई महिला समाज ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस समारोह



**भिलाई।** अंचल और देश की प्रमुख समाजसेवी महिला संगठनों में से एक इस्पात नगरी, भिलाई की सशक्त महिला संगठन, भिलाई महिला समाज ने शुक्रवार 4 अगस्त को अपना 66वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं उल्लासपूर्वक मनाया। यह समारोह सेक्टर-1 स्थित नेहरू सांस्कृतिक सदन, भिलाई में आयोजित किया गया। समारोह में पद्मश्री सम्मानित पंडवानी गायिका श्रीमती उषा बारले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती उषा बारले तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता तथा उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्री गणेश वंदना के साथ किये समारोह की मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित डॉ उषा बारले ने भिलाई महिला समाज को 66वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए अपने सारगर्भित छत्तीसगढ़ी भाषण में कहा कि नारी निंदा ना करो, नारी नर की खान, नारी से नर होत हैं, ध्रुव प्रहलाद समान' अपने इन्हीं शब्दों के साथ उन्होंने नारी शक्ति और महिलाओं की प्रतिभाओं के प्रदर्शन का सार प्रकट किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए भिलाई महिला समाज के कार्यकर्ताओं की सराहना की और महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया। डॉ बारले ने भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना से लेकर अब तक की प्रसिद्धि का वर्णन, स्वयं की बनाई हुई छत्तीसगढ़ी कविता बने हे कारखाना हो.. के माध्यम से किया। अपने इस गीत के साथ ही उन्होंने पंडवानी की कुछ पंक्तियों से मंचस्थ अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भिलाई महिला समाज के 66वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि किसी समाज की प्रगति उसकी महिलाओं की प्रगति से मापी जा सकती है।

# राहुल गांधी को राहत मिलने पर कांग्रेसी नेताओं ने मिठाई खाकर खुशी मनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के सामने उच्चतम न्यायालय के मोदी सर नेम को लेकर मान हानि मामले में राहुल गांधी जी को राहत दिए जाने को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने फटाखे फोड़कर कार्यकर्ताओं को एवं आमजन को मिठाई खिलाये । उच्चतम न्यायलय के फैसले से एक बार फिर साबित हो गया की जीत हमेशा सत्य की होती है । राहुल गांधी जी सजा में रोक लगने से प्रसन्न कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के पास इकठ्ठा होकर फटाके फोड़े एवम मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराए । आतिशबाजी इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी, क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल,कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, कवर्धा महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रानू दुबे , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अगम दास अनंत , कांग्रेसी नेता श्याम तंबोली टेकसिंह चंद्रवंशी,सीतेष चंद्रवंशी, नरेशु चंद्राकर, शरद बागली,अशोक सिंह , विजय पांडे, श्याम तंबोली,सीमा अनंत,द्वारिका चंद्रवंशी,टीकम शर्मा,गोपाल चंद्रवंशी, बिरेंद्र जांगड़े,रूपेश चंद्रवंशी, तारिणी ठाकुर, जलेश्वर राजपूत, मणिकांत त्रिपाठी,शिवशंकर वर्मा,राहुल सिन्हा, सहित भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मसीही समाज ने मणिपुर में हो रहे हिंसा के विरोध में कवर्धा में निकाली शांति रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 5 अगस्त।** मणिपुर एवं सीमावर्ती क्षेत्र में 3 मई से हो रहे लगातार हिंसा मारकाट बलात्कार की स्तिथि बनी हुई हैं मणिपुर में लगभग 200 से 300 लोगो की जान जा चुकी हैं कई गिरजाघरों व्यवसायिक स्थानों आदि को जलाया जा चुका है 50 हजार से ज्यादा लोग अन्य स्थानों मे शरणार्थी के रुप मे जीने को मजबूर है ।

इन सब घटनाओं के बाद भी मणिपुर शासन प्रशासन में निरंकुश बन संवेदनशीलता की कमी है लंबे समय तक शासन द्वारा कड़ी कार्यवाही नही किया जाना बहुत दुखद है । अतः संयुक्त मसीह समाज ने मणिपुर में शांति स्थापित करने और प्रभावित लोगों के पुनर्वास की मांग प्रधान मंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया जिसमे संयुक्त मसीह समाज के अध्यक्ष फादर जॉन टी उपाध्यक्ष जॉस थॉमस अल्प संख्यक कल्याण समिति के सदस्य एवं संयुक्त मसीह समाज के सचिव विनिश जॉय कोषाध्यक्ष रतन सोना विल्सन पाल मनीष जॉय राकेश नाथ पास्टर प्रभास लाल .आर एन. बंजारे रोहित नाग कोमल संदीप संतोष फादर विनोद रौसारियो आदि मसीही विश्वासियों द्वारा सैकड़ों की संख्या मे रैली निकाल कर ज्ञापन दिया गया ।

# चोरी के 6 वाहन बरामद,आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,5 अगस्त।** ग्रामीण एएसपी अनंत साहू ने बताया कि दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा द्वारा चलाए जा रहे रात्रि गश्त के अभियान में जवानों को ब्रीफिंग और डिब्रीफिंग का फायदा देखने को मिल रहा है। रानीतराई पुलिस रात्रि में विजुअल पुलिसिंग के अंतर्गत वाहन की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग दौरान वाहनों का कागजात चेक किया जा रहा था। शुभम शर्मा निवासी ग्राम किकिरमेटा थाना जामगांव (आर) उर्फ जग्गू जागेश्वर बंजारे निवासी बेल्हारी गप्पू उर्फ दिनेश सोनवानी निवासी नवागांव एक मोटर साइकिल में मिलने पर मोटर साइकिल का कागजात चेकिंग करने पर गोल मोल जवाब देने पर नजदीक के गांव होने से उनकी तस्दीक की गई

चोरी की बाइक को बेचने की फिरात में घर पर छिपाए थे-पाटन एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया कि चेकिंग में पकड़े गए संदेहियों पर शंका के आधार पर बारीकी से पूछताछ करने पर अपने अन्य दो साथियों के साथ बाइक चोरी करना बताने से व चोरी की मोटर साइकिल को बेचने की फिरात में घर पर छिपाकर रखना बताने बताया गया। आरोपियों के कब्जे से 6 मोटर साइकिल को बरामद किया गया। जिसके आधार पर आरोपियों पर धारा 41 (1+4), 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया। जब्त वाहनों के संबंध में आरटीओ विभाग से जानकारी प्राप्त कर वाहन मालिकों का पता किया जा रहा है।



### विधायक ममता ने बैजनाथधाम में सहपरिवार किया जलाभिषेक

**इंदौरी, 5 अगस्त।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की प्रथम महिला विधायक एवं सदस्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन एवं विकास प्राधिकरण माननीय ममता/मनोज चंद्राकर जी ने 3 अगस्त 2023 को बैजनाथधाम में बाबा बैजनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक पंडरिया विधायक ममता/मनोज चंद्राकर सहपरिवार प्रदेश,जिले एव क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एव खुशहाली की कामना लेकर 110 किमी की कावड़ यात्रा की उन्होंने 30 जुलाई 2023 को सुलतान गंज से कावड़ में पवित्र जल लेकर 3 अगस्त 2023 तक 110 किमी की दूरी तय कर 3 अगस्त को जलाभिषेक की विधायक ममता/ मनोज चंदाकर के साथ उनके सुपुत्री मल्लिका चंद्राकर रूपेंद्र वर्मा ठाकुर राम वर्मा सुभाष चंद्राकर मंजूरइलाही ने भी जलाभिषेक किए ।

# पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई में स्तनपान सप्ताह का आयोजन

**भिलाई, 5 अगस्त।** एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा।हॉस्टल सेक्टर में संचालित पी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, ने विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर प्रो. डॉ. अभिलेखा बिस्वाल, प्राचार्या पी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, भिलाई के मार्गदर्शन में एक- दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया 7 कार्यक्रम का प्रारंभ प्रो. डॉ. (श्रीमती) श्रीलता पिल्लई, उप-प्राचार्या, पी.जी. कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग भिलाई के स्वागत भाषण से हुआ 7 मुख्य अतिथि डॉ. सुबोध साहा (अतिरिक्त सीएमओ और नियोनेटोलॉजी प्रमुख) जेएलएनएच और आरसी अस्पताल सेक्टर-9, भिलाई ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए प्रसव के तुरंत बाद स्तनपान कराने और 6 महीने तक बच्चे को सिर्फ स्तनपान ही कराने पर जोर दिया। उन्होंने स्तनपान को बढ़ावा देने में नवजात और प्रसूति वार्ड में नर्सों की



भूमिका की भी अत्यधिक सराहना की।

डॉ. माला चौधरी (सलाहकार, नियोनेटोलॉजी विभाग) जेएलएनएच एंड आरसी अस्पताल सेक्टर-9, भिलाई सम्मानित अतिथि ने बेबी फ्रेंडली अस्पताल पहल विषय पर अपने विचार व्यक्त किये और प्रसव के तुरंत बाद मां और बच्चे के बीच त्वचा से त्वचा के संपर्क और प्रसव के आधे घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने जेएलएचएनआरसी, भिलाई के बीएफएचआई प्रमाणन की सफलता की कहानी भी सुनाई।डॉ. सुबोध साहा, डॉ. माला चौधरी और डॉ. डेजी अब्राहम ने स्तनपान को सक्षम करना विषय पर लगाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया, जिसमें शाइना थॉमस ने पहला, मोनिका पड्डा ने दूसरा और अनीशु आर अनिल और पुनीता उसेंडी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया।बाल स्वास्थ्य विभाग के संकायों द्वारा स्तनपान से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। डॉ डेज़ी अब्राहम ने एनाटॉमी और फिजियोलॉजी ऑफ ब्रेस्ट फीडिंग पर क्लास ली। शिशु, मां और समाज को स्तनपान के लाभ पर नेहा सिंह ने बताया। डॉ अनु एस थॉमस ने स्तनपान की चुनौतियों से सम्बंधित विचारों को प्रस्तुत किया। श्रीमती भगवती साहू, श्रीमती केसरलता साहू और श्रीमती रेशमा पटेल ने बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा को स्तनपान की समस्याओं पर स्किट के लिए मार्गदर्शन किया।बीएससी नर्सिंग छात्राओं को सिमुलेशन से परिचित करने हेतु एमएससी नर्सिंग छात्राओं द्वारा स्तनपान से सम्बंधित टिप्पणियों पर एक परिदृश्य बनाया गया । एक नई ऑनलाइन तकनीक का उपयोग क्विज के लिए किया गया था। भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के प्रबंधन ने विश्व स्तनपान सप्ताह के सफल आयोजन पर सभी संकायों को बधाई दी ।

### सांसद विजय बघेल ने अंगदान महोत्सव पर प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**भिलाई ।** इस्पात संयंत्र के जेएलएन चिकित्सालय और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सिविक सेंटर स्थित, नेहरु आर्ट गैलरी में अंगदान महोत्सव 2023 पर केन्द्रित पोस्टरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया था। दिनांक 03 अगस्त 2023 को अंगदान महोत्सव पर केन्द्रित चयनित पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करने सांसद श्री विजय बघेल नेहरु आर्ट गैलरी पहुँचे जहाँ जेएलएन चिकित्सालय के डॉक्टरों ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सांसद विजय बघेल ने पोस्टरों का अवलोकन कर अपने विचार साझा करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 3 अगस्त को भारतीय अंगदान दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है।

# सडक़ पर निर्माण सामग्री रखने से बढ़ा हादसे का खतरा, निगम प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

**भिलाई, 5 अगस्त।** शहर के अधिकतर गली, मोहल्लों, बाजारों और मुख्य मार्गो पर लोगों द्वारा अपना मकान और दुकान बनाने के लिए निर्माण सामग्री रखे जाने और इस निर्माण सामग्री के बिखरे पड़े होने के कारण निगम प्रशासन द्वारा इनपर कार्यवाही नही करना लोगों को भारी पडऩे लगा है। सडक़ पर ही निर्माण सामग्री रख दिये जाने के कारण लोग या तो गिर कर चोटिल हो रहे है या नही तो बहुत दूर से घूम कर लोगों और वाहनों को अपने गंतव्य तक जाना पड़ रहा है। किसी भी निर्माण के दौरान सामग्री को सडक़ किनारे नहीं रखना चाहिए, लेकिन शहर में प्राइवेट और सरकारी निर्माण कार्यों में इस बात का ध्यान नहीं रखा जाता है। निर्माण कार्य में उपयोगी रेत, गिट्टी, ईट, लोहा आदि सामग्री सडक़ पर बिखेर दी जाती है। इसके चलते एंबुलेंस, पानी के टेंकर सहित अन्य आवश्यक सेवा से जुड़े वाहनों को निश्चित जगह तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सडक़ पर निर्माण सामग्री फैली होने को लेकर कठोर कार्रवाई नहीं की है। इस कारण भवन निर्माण करने वालों की बेपरवाही बदस्तूर जारी है। ऐसे लोग निर्माण सामग्री को सडक़ पर डाल देते हैं। शहर के सभी मोहल्लों, कॉलोनियों और मुख्य बाजार में निर्माण कार्य चल रहे हैं। इस दौरान भवन मालिक निर्माण सामग्री को सडक़ पर डाल देते हैं। नगर की मुख्य सडक़, मोहल्लों, कॉलोनियों में सडक़ किनारे मकान निर्माण करने वाले लोग सडक़ पर ही गिट्टी, बजरी, सीमेंट, रेत, सरिया आदि डालकर सडक़ों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। सडक़ पर रखी निर्माण सामग्री के कारण कई बार हादसे भी हो जाते हैं। साथ ही मुख्य रास्तों पर बार-बार जाम की स्थिति भी बनती है। शहर के अधिकांश सडक़ों पर भवन निर्माण सामग्री के ढेर लगे हैं। मकान मालिक सडक़ पर निर्माण सामग्री डालकर मुख्य मार्ग ही अवरुद्ध कर देते हैं। इससे यहां से निकलने वाले चार पहिया, दोपहिया, ऑटो और पैदल राहगीरों को निकलने में भारी परेशानी होती है। कई बार लोगों को सडक़ अवरुद्ध होने की स्थिति में लंबा चक्कर काटकर निकलना पड़ता है। यहां पर यह बताना भी लाजिमी होगा कि सडक़ किनारे रहने वाले मकान और दुकान मालिकों ने अपने घर के आगे टीनशेड डालकर पक्के निर्माण कर लिए हैं। वहीं भवन निर्माण करने वाले लोगों द्वारा मकान निर्माण के लिए बजरी, रेत, सरिया, ईट आदि रखी है। शहर में लोगों द्वारा इस प्रकार सडक़ पर रखी निर्माण सामग्री रखने वालों को महज चेतावनी देकर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा औपचारिकता निभाया जा रहा है। सामानों की जप्ती और जुर्माना वसूली नहीं होने से लोग बेपरवाह बने हुए हैं। गिर रहे पैदल राहगीर और दुपहिया वाहन चालक इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। बारिश होने पर सडक़ पर पड़ी रेत, बजरी और गिट्टी फैल जाती है। इससे यहां से निकलने वाले पैदल राहगीर और दुपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर रहे हैं। इससे कई लोग लोग चोटिल भी हो चुके हैं। सडक़ पर रखे रेत बारिश में बहकर नाली में चले जाते हैं। जिससे बारिश का पानी निकलने में अड़चन आ रही है।



### डेंगू रोकथाम के लिए चलाया जा रहा सघन अभियान

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में जल जनित बिमारी विशेष रूप से डेंगू के रोकथाम के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग सघन अभियान छेड़ रखा है, स्वास्थ्य अमला डेंगू के संभावित स्थलों पर लार्वा तथा एडल्ट मच्छरों के उन्मुलन के लिए टेमिफास घोल का घर-घर वितरण तथा मोहल्लों में मैलाथियान का छिडक़ाव व क्वाकोथरिन का धुंआ छोड़ा जा रहा है। महापौर नीरज पाल एवं जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने निगम के स्वास्थ्य अमले की बैठक लेकर जल जनित बिमारियों विशेष रूप से डेंगू के उन्मुलन के लिए किये जा रहे कार्य की समीक्षा की महापौर ने कहा कि निगम क्षेत्र में डेंगू न फैले इस ओर हमे विशेष ध्यान रखना होगा।

नियमित रूप से नालियों की सफाई कर ब्लिचिंग पाउडर का छिडक़ाव करें। घर-घर जॉच में लगे टीम इस बात का ध्यान रखे कि किसी भी घर में खाली कबाड़ में बरसात का पानी जमा न हो, कुलर को खाली करवाकर टेमिफास का छिडक़ाव करें, लोगों को इस बात की जानकारी दें बारिस के थम जाने के बाद वर्षा जल घर में किसी बर्तन, गमले, टायर में जमा न हो। क्योकि डेंगू के लार्वा साफ पानी में पनपते है। स्वास्थ्य अधिकारी ने निगम क्षेत्र में डेंगू की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार डेंगू के 16 मरीज भिलाई क्षेत्र व टाउनशिप में पाये गये है, जिसमें से 6 मरीज निगम क्षेत्र में पुणे, हैदराबाद, बैगलूरू से ही डेंगू से प्रभावित होकर भिलाई आये है। स्वास्थ्य अमले ने बताया कि जल जनित बिमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने बेनर, पोस्टर, पाम्पलेट तथा मुनादी के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

महापौर नीरज पाल एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि घरों में मच्छरदानी का प्रयोग करें, निगम द्वारा घर-घर वितरित की जा रही टेमिफास घोल का प्रयोग कुलर आदि में करें तथा अपने घर के आस-पास बरसाती पानी का जमाव न होने दें। जल जनित बिमारियों के फैलाव को रोकने के लिए निगम का सहयोग करें।

### समाजसेवियों ने बाँटा रेनकोट




**भिलाई।** आज शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बढ़ते मानसून को देखते हुए ! भिलाई नगर सेक्टर -2 के बेकलाइन की सफ़ाई करने वाले कर्मचारी जो भीगते बारिश में भी अपना कार्य निष्ठा से करते हैं ! उन्हें समिति के द्वारा आज रेनकोट वितरण किया गया ! जिससे बढ़ते बारिश से उन्हें राहत मिल सके ! समिति ने निर्णय भी लिया है की बरसात मौसम भर ये अभियान जारी रखेंगे ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार मून, उपाध्यक्ष विनोद कौशिक, सचिव कृष्णा चौहान, संयुक्त सचिव रोमन सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, सदस्य सोनू निर्मलकर, उज्ज्वल टंडन, यश गुप्ता, योगेश रावत एवं समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग का रेलवे स्टेशन एवं गुजरने वाली ट्रेनों में लगातार गश्त जारी

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिला आबकारी विभाग द्वारा आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 को लेकर पूर्व तैयारी शुरू कर दिया है। जिसके प्रथम चरण में दुर्ग रेलवे स्टेशन एवं स्टेशन गुजरने वाली रेल गाडिय़ों की आबकारी विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु सघन जांच पड़ताल किया गया। आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शराब एवं मादक पदार्थों के



अवैध परिवहन, धारण एवं चौर्यनयन पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही तेज कर दिया गया है। रेलवे स्टेशनों एवं स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के अतिरिक्त मैदानी (संदिग्ध एवं पारंपरिक) क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। अवैध मदिरा परिवहन, धारण एवं विक्रय संबंधी शिकायत हेतु आबकारी विभाग के कार्यालयीन फोन नम्बर 0788-2325836 पर संपर्क किया जा सकता है। दुर्ग रेलवे स्टेशन निरीक्षण हेतु संयुक्त जांच अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान एवं श्री दीपक ठाकुर, आबकारी उपनिरीक्षक श्री रामाचार दीवान द्वारा अपनी टीम के साथ दुर्ग रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी श्री संजीव सिन्हा, किरण बेंजामिन के साथ संयुक्त रूप से दुर्ग रेलवे स्टेशन एवं गाडिय़ों में संदिग्ध लोगों एवं स्थानों की गहन जांच की गई।

### लाखों के सोने-चांदी के जेवर पार

**भिलाई।** भिलाई अम्लेश्वर थाना अंतर्गत दुर्गानगर निवासी योगेश्वरी साहू के घर में सेंधमारी हो गई चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी जेवर पार कर दिए पुलिस ने चोरी के प्रकरण में जुर्म दर्ज कर कार्रवाई की अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि 1 अगस्त को योगेश्वरी परिवार के साथ कथा सुनने के लिए तिलदा नेवरा गई थी वहां से रात 11.30 बजे लौटे घर का दरवाजे का ताला टूटा मिला आलमारी से ज्वेलरी चोरी हो गई थी

एक नजर

## घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री डोमन सिंह के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, रेहड़ियों में कमर्शियल सिलेंडर के बजाय घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने की जानकारी मिल रही थी। इस पर खाद्य निरीक्षकों की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर जांच की जा रही है। जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में 2 प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग करने पर कार्रवाई की गई है। शासन द्वारा भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश हैं। जिले में घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 22 अगस्त तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 31 जुलाई 2023 से 22 अगस्त 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 7 अगस्त को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये महिला जीम शिक्षक नगर में, गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरी नगर में व बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, 8 अगस्त को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय मोहारा में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हल्दी में एवं 10 अगस्त को मोहड वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय मोहड मे व रानी जोतकुवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुये मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## अपर कलेक्टर को नई पदस्थापना, दी गयी विदाई

**धमतरी 5 अगस्त।** अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकान्त कौशिक को आज कलेक्ट्रेट परिवार एवं जिला अधिकारियों की ओर से बालोद में नई पदस्थापना के लिए भावभीनी विदाई दी गई। अपर कलेक्टर श्री कौशिक का स्थानांतरण अपर कलेक्टर के पद पर बालोद जिले में हुआ है। इस मौके पर कलेक्टर श्री ऋ्रुराज रघुवंशी ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान श्री चन्द्रकान्त कौशिक ने अपने परिश्रम से और अपनी लगन से कुशल प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। राजस्व प्रबन्धन के लिए जिले को जो राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल हुई, उनमें श्री कौशिक का अहम् योगदान भी शामिल है। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री कौशिक ने कहा कि धमतरी जिले में अपनी पदस्थापना के दौरान राजस्व विभाग के अलावा अन्य सभी विभागों के कार्यो को बहुत सरलता से किया। कलेक्टर श्री ऋ्रुराज रघुवंशी के एवं पूर्ववर्ती कलेक्टरों के मार्गदर्शन में यह कार्य सहजता से हो पाया।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में पूरी तरह नई वेलफायर का अनावरण किया

**रायपुर 5 अगस्त।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज बहुप्रतीक्षित ऑल-न्यू वेलफायर लॉन्च किया। यह एक शानदार सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक मास्टरपीस है जो भारतीय ऑटोमोटिव परिदृश्य में आराम, परिष्कृतता और प्रदर्शन के सार को फिर से परिभाषित करता है। ऑल-न्यू वेलफ़ायर उत्कृष्ट आराम और परिष्कृत गतिशीलता, कमांडिंग बल और गतिशील कौशल प्रदान करता है जो ड्राइविंग अनुभव को असाधारण ऊंचाइयों तक ले जाता है। सहज अनुभूति युक्त प्रौद्योगिकी और विचारशील सुविधाओं के साथ तैयार किया गया यह वाहन हर यात्रा में सुविधा और ऐश्वर्य का मूर्त रूप होता है। वैसे तो ऑल-न्यू वेलफायर एक शक्तिशाली प्रदर्शन प्रदान करता है, यह ईंधन की कम खपत और कार्बन फुटप्रिंट भी सुनिश्चित करता है। वेलफायर एक मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) है, अध्ययनों से पता चला है कि एसएचईवी इंजन बंद होने पर 40% दूरी और 60% समय तक इलेक्ट्रिक या शून्य उत्सर्जन मोड पर चल सकता है।

# शिक्षा में रचनात्मकता को बढ़ावा दिया जाये: राज्यपाल




**रायपुर, 5 अगस्त।** रचनात्मकता शिक्षा की वास्तविक क्षमता को उजागर करने की कुंजी है। शिक्षा में रचनात्मकता की शक्ति का उपयोग करने के लिए, हमें ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना चाहिए जो प्रयोग और जोखिम लेने को प्रोत्साहित करे। शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण विधि से पढ़ाने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने भोपाल में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव में आयोजित परिचर्चा में उक्त विचार व्यक्त किया।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं साहित्य अकादमी द्वारा रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव ''उन्मेष'' के अंतर्गत आज रचनात्मकता बढ़ाने वाली शिक्षा विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई थी। जिसमें राज्यपाल श्री हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। परिचर्चा में राज्यपाल ने श्री हरिचंदन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रचनात्मकता अकादमिक विषयों की गहरी समझ को बढ़ावा देती है। जब छात्रों को रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तो वे रटने तक ही सीमित नहीं रहते हैं, बल्कि वे विभिन्न दृष्टिकोणों का पता लगाते हैं और विभिन्न समाधानों के साथ प्रयोग करते हैं। यह प्रक्रिया उनके महत्वपूर्ण सोच कौशल को बढ़ाती है और उन्हें जटिल अवधारणाओं को अधिक आसानी से समझने में सक्षम बनाती है। इसके अलावा, रचनात्मकता जिज्ञासा पैदा करती है। यह विद्यार्थियों को अपने आसपास की दुनिया पर सवाल उठाने और पाठ्यपुस्तकों की सीमाओं से परे उत्तर खोजने के लिए मजबूर करता है। उनकी सहज जिज्ञासा को पोषित करने से शिक्षा एक कठिन कार्य के बजाय मनोरंजक बन जाती है। जिज्ञासु दिमाग सीखने के लिए अधिक व्यस्त और प्रेरित होते हैं, जिससे शैक्षिक अनुभव अधिक सार्थक और स्थायी हो जाता है।

राज्यपाल ने आगे कहा कि जब विद्यार्थियों को लीक से हटकर सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तो वे असफलताओं को सफलता की सीढ़ी के रूप में स्वीकार करना सीखते हैं। वे समझते हैं कि गलतियाँ डरने की चीज नहीं हैं बल्कि मूल्यवान सबक हैं जिनका उपयोग उनके विचारों और दृष्टिकोणों को परिष्कृत करने के लिए किया जा सकता है। यह लचीलापन एक आवश्यक जीवन कौशल है जो कक्षा से परे जाकर उन्हें अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। जब कला, लेखन या किसी अन्य रचनात्मक माध्यम के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तो उनमें अपनी भावनाओं और दूसरों की भावनाओं की गहरी समझ विकसित होती है। यह सहानुभूति एक अधिक दयालु समाज की मजबूत नींव बनाती है। श्री हरिचंदन ने शिक्षको, माता-पिता और समाज से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए सभी साथ मिलकर काम करें और हमारे बच्चों के जीवन और उनके द्वारा आकार दी जाने वाली दुनिया पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव को देखें।

# मरकाम से मिले कांग्रेस के युवा नेता विजय वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 5 अगस्त।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि व खैरागढ़ विधानसभा के युवा नेता ग्राम झुरानदी निवासी विजय वर्मा बीते दिनों आदिम जाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री मोहन मरकाम से मुलाकात किया और आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में चर्चा भी हुआ बता दें कि विजय वर्मा खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार दौरा कर रहे हैं तथा कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार गाँवो में जाकर बैठके लेकर आमजनता को कांग्रेस सरकार की योजनाओं से अवगत करा रहे हैं जिससे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विजय वर्मा के प्रति जनता का सीधा जुड़ाव हो गया है तथा युवा वर्ग विजय वर्मा को बहुत पसंद कर रहे हैं वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा से लेकर मैदानी इलाकों में विजय वर्मा धुंआधार दौरा करके अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं विजय वर्मा जिला पंचायत क्षेत्र में प्रतिनिधि के तौर पर जनता के साथ सुख दुख में सहभागी बन रहे हैं विजय वर्मा के लोकप्रियता का चर्चा खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बना हुआ है तथा हमेशा



सरल स्वभाव व हमेशा किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले एक ऐसा चेहरा उभर कर सामने आया है जो सभी वर्गो को साथ लेकर निरन्तर कार्य कर रहे हैं जिससे विजय वर्मा का विधानसभा चुनाव में प्रबल दावेदारी बताया जा रहा है गौरतलब है कि युवा नेता विजय वर्मा ने मंत्री से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का इच्छा जाहिर किया है जिस पर मंत्री मरकाम ने कहा कि काँग्रेस पार्टी को जिताने के लिए सभी लोग मिलकर काम करे जिससे खैरागढ़ विधानसभा में कांग्रेस जीत सके।

# डीएमएफ के करोड़ों रुपए जिले में नियम विरुद्ध खर्च, ईडी ने लिया संज्ञान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 5 अगस्त।** डी.एम.एफ. फण्ड का उपयोग किये गये विभागों में खलखली मच गई है। डीएमएफ फण्ड से लगभग 20 करोड़ रूपये की राशि स्कूल निर्माण के नाम पर खर्च की गई है। उक्त राशि को खर्च करने में किसी भी तरह का नियम पालन नहीं किया गया है। ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर लगभग 15 करोड़ से अधिक की राशि जिले में खर्च की गई है। जिले के पूर्व अधिकारी ने तो डीएमएफ फण्ड का ऐसा बंदरबांट किया है कि जैसे शासन की राशि न होकर उनका यह निजी फण्ड है। डी.एम.एफ. के अलावा सीएसआर फंड जिसका उपयोग सिर्फ विकास कार्यो के लिए किया जाना होता है उक्त फंड की लगभग 1 करोड़ की राशि को स्कूल डीस्मेंटल के नाम पर खर्च किये जाने को लेकर भी जाँच की मांग तेज हो गई है, जिले के जागरूक नागरिकों ने डी.एम.एफ सीएसआर फंड में हुए करोड़ों की राशि की उच्च स्तरीय जाँच की मांग व दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है 7




संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म छग के पत्र के अनुसार ईडी को धमतरी जिले में खर्च की गई डीएमएफ फण्ड की राशि के संबंध में जो जानकारी मांगी गई है उससे संबंधित विभागों में अभी से दहशत का वातावरण देखा जा रहा है। नगरी स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को बनाने के नाम पर जहां 10 करोड़ रूपये खर्च किये गये हैं वहीं मगरलोड में भी बने उक्त स्कूल निर्माण के नाम पर लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर खर्च की गई है 7 यहीं नहीं नगरी के पुराने स्कूल भवन को डीस्मेंटल के नाम पर 1 करोड़ रूपये खर्च करना अपने आप में भ्रष्टाचार को साबित करता है7 स्कूल निर्माण करने वाले सम्बंधित ग्राम पंचायत के सचिव व सरपंच ने करोड़ों रुपये की राशि नगद आहरण की है जबकि पंचायती राज अधिनियम में 5000 रूपये से अधिक की राशि का भुगतान चेक या आरटीजीएस से भुगतान का प्रावधान है इससे भी यह बात स्पष्ट होती है कि उक्त स्कूल निर्माण में भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला गया है 7 बिना जीएसटी नंबर के फर्म, निलंबित जीएसटी नंबर के फर्म को भी लाखों रुपये की राशि का भुगतान भी उक्त स्कूल निर्माण में किया गया है जिसका खुलासा सुचना के अधिकार अधिनियम से प्राप्त दस्तावेजों से स्पष्ट होता है 7 इस मामले में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सरपंचों, सचिवों का भी बहुत बड़ा हाथ रहा है। डीएमएफ फण्ड के दुरूपयोग को लेकर समय समय पर इसे प्रसारित किया गया था किंतु तत्कालीन कलेक्टर के दबाव के कारण ऐसे अधिकारी जिन्होंने डीएमएफ फण्ड का खुलकर दुरूपयोग किया है, उनके द्वारा इसका विरोध नहीं किया गया

आपको बता दें कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के निर्माण में शुरू से ही भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है, अब जबकि प्रवर्तन निदेशालय ने डी.एम.एफ. फंड के बारे में पूरी जानकारी मांगी है तो नागरिकों की उम्मीद जगी है की अब दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

## मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में अनाधिकृत कब्जा, 5 दुकानें सील

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** नगर निगम द्वारा मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत दुकानों का निर्माण किया गया है। जिसे विधिवत प्रक्रिया कर हितग्राहियों को आबंटित किया गया है। उक्त आबंटित दुकानों में से 5 दुकानों में कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, इस संबंध में निगम के राजस्व विभाग द्वारा कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया था। नोटिस उपरांत भी संबंधितों द्वारा दुकान खाली नहीं किया गया, आबंटित दुकानदारों द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत भी की गयी थी। नोटिस उपरांत दुकान से कब्जा नहीं हटाने पर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व उप निरीक्षक श्री राजकुमार बंजारे व श्री देवकुमार निर्वाणी, राजस्व लिपिक श्री पंकज साहू व श्री संतोष रामटेके, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व श्री गणेश झा द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ कब्जारत 5 दुकानों में ताला लगाकर सील बंद करने की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही उपरांत आबंटित दुकानदार अपना व्यवसाय प्रारंभ करेंगे। इसी प्रकार अन्य कब्जारत दुकानों में भी सील बंदी की कार्यवाही की जावेगी।



## उपडाकघर नारायणपुर में डाक निर्यात केंद्र का शुभारंभ

**कोंडागांव 5 अस्त।** उप डाकघर नारायणपुर में डाकघर निर्यात केंद्र का शुभारंभ 4 अगस्त शुक्रवार को निदेशक डाक सेवा श्री दिनेश मिस्त्री द्वारा एवं अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग श्री आरपी वर्मा, सहायक अधीक्षक श्री एसके मीना व डीके जैसवाल की उपस्थिति में किया गया। अब ग्राहक विदेश में भी डाक वस्तु का निर्यात कर सकेंगे। निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्लेटफार्म को डाक विभाग के बस्तर डिविजन की ओर से शुरू किया जा रहा है। एमएसएमई, हैंडीक्राफ्ट छोटे व्यापारियों को कस्टम क्लीयरेंस के लिए अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों के समय की बचत होगी। पहले कई दिन लग जाते थे लेकिन इस प्लेटफार्म पर एक से तीन दिन में ही सभी क्लीयरेंस हो जाता है। अब इस केंद्र से यूएसए, कनाडा, यूके ऑस्ट्रेलिया, सउदी, बहरीन, बंगलादेश, जर्मनी सहित अन्य देशों में सामान निर्यात कर सकेंगे। कोंडागांव से विदेश में खेल के सामान जिसमें बैडमिंटन के रैकेट, क्रिकेट बैट, ग्लब्स, चेसबोर्ड, घड़ियां, ब्लूटूथ डिवाइस, हैडफोन, वाइफाई डोंगल, ज्वेलरी आइटम सहित कई चीजों को निर्यात किया जाता है।

**यह सुविधाएं मिलेंगी :** डाकघर निर्यात केंद्र पर पोस्टल बिल ऑफ एक्सपोर्ट के तहत कस्टम क्लीयरेंस के लिए इलेक्ट्रॉनिक अप्रूवल मिलेगी। इसके लिए किसी भी कंपनी को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कंपनी या किसी भी व्यक्ति को डाक विभाग के साथ एग्रीमेंट करना होता है। इसके लिए निर्यात करने का लाइसेंस भी लेना जरूरी है डाकघर निर्यात केंद्र वर्चुअल प्लेटफार्म है। इसके माध्यम से घर बैठे ही ऑनलाइन एंट्री कर सकते हैं। इस दौरान लेबल जनरेट होगा। इस लेबल को सामान पर चिपकाना होगा। इसकी सूचना कस्टम विभाग को चली जाएगी। किसी प्रकार का कस्टम की ओर से आब्जेक्शन होगा तो ग्राहक को अलर्ट आएगा। इसे ग्राहक ऑनलाइन अपलोड करेंगे वह कस्टम के पास पहुंच जाएगा। इससे काफी सुविधा होगी।

## कर्मचारियों को मिले महानगरों की तरह जीवनशैली

**रायपुर 5 अगस्त।** क्या हो अगर आपकी मनचाही नौकरी के लिए आपको महानगर से कहीं दूर जाना पड़े? संभव है कि कुछ लोग ऐसी नौकरी का प्रस्ताव स्वीकार करने से हिचकिचाएं क्योंकि कार्यस्थल पर एक कर्मचारी के अलावा भी हमें पिता, माता, बेटा, बेटी या जीवनसाथी जैसी कई भूमिकाओं का निर्वहन अपने जीवन में करना होता है। लोगों के मन में सवाल उठेंगे कि इस नौकरी के लिए जिस जगह जाना पड़ेगा वहां रहने की सुविधा कैसी होगी? क्या वहां आसपास अच्छे स्कूल होंगे? क्या उनके प्रियजनों को जरूरत पड़ने पर अच्छा इलाज मिल सकेगा?

भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम इस बात को लेकर आश्वस्त है कि उपरोक्त सभी प्रश्नों और उनके अलावा भी कई सवालों के लिए उसके पास सकारात्मक जवाब हैं। यह कंपनी विश्व स्तरीय संयंत्रों का प्रचालन करती है जो लॉजिस्टिक, इंफ्रास्ट्रक्चर व सामग्री उपलब्धता संबंधी कारणों से ओडिशा के झारसुगुडा व कालाहांडी में तथा छत्तीसगढ़ के कोरबा जैसे अर्द्धशहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। दुनिया के सबसे बड़े सिंगल-लोकेशन एल्यूमिनियम स्मेल्टिंग प्रचालनों में से एक झारसुगुडा में स्थित है, जबकि लांजीगढ़ (कालाहांडी) में वेदांता की एल्यूमिनियम रिफाइनरी है जो विकास की दृष्टि से पिछड़े इस जिले के विकास में प्रमुख योगदान देने वालों में से एक है। भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक और वेदांता एल्यूमिनियम की सहयोगी बालको कोरबा जिले में स्थित है।

## कन्हैया के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने की आतिशबाजी, बांटी मिठाईयां

**रायपुर 5 अगस्त ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस जनों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल और युवक कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक में आतिशबाजी कर मिठाई बाँटी । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के लिए जो षड्यंत्र रचा गया था उस षडयंत्र का पर्दाफाश हुआ है ,माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय से पूरे देश में हर्ष की लहर है राहुल गांधी के नेतृत्व में देश में इंडिया की सरकार बनेगी विपक्ष की आवाज को दबाने का केंद्र सरकार और भाजपा का प्रयास असफल हुआ है । मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि राहुल जी की सदस्यता की बहाली से यह स्पष्ट हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा षड्यंत्र रचा गया था ,राहुल जी फिर से देश की संसद में देश की जनता की आवाज बनकर दहाड़ेंगे ।



# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना को संस्कारधानी में मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं मोहल्ले में निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ देने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना 1 अक्टूबर 2020 से प्रारंभ की गयी। योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से वार्डो में जाकर निःशुल्क बिमारियों की जॉच कर दवा का वितरण किया जाता है। शासन से नगर निगम के लिये प्राप्त 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से प्रतिदिन श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं वार्डो में जाकर निः शुल्क जॉच कर रही है, स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ वैक्सीनेशन भी किया गया, जिसका संस्कारधानी राजनांदगांव में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और लोगो को इससे स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। योजना प्रांरभ से 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से अब तक 3 हजार 2 सौ 2 कैम्प लगाया गया, कैम्प में कुल 2 लाख 90 हजार 8 सौ 87 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 2 लाख 65 हजार 4 सौ 87 मरीजो को फ्री में दवा वितरण किया गया एवं 66 हजार 8 सौ 87 लोगों का लैब टेस्ट किया गया है। एम.एम.यू. मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से वार्डो मे जाकर कोरोना टीकाकरण भी किया गया है। अब तक 21 हजार 5 सौ 24 लोगों को मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि चारो मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन निगम सीमाक्षेत्र में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से वार्डो एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों मे दिन तथा तिथि के अनुसार जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे है जिसमें लोग स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ निःशुल्क लैब टेस्ट एवं निःशुल्क दवा का लाभ ले रहे है। इसके अलावा मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन शासकीय व निजी स्कूल, कालेज के अलावा निगम सीमाक्षेत्र के छात्रावास, बाल सम्प्रेषण गृह तथा वृद्धा आश्रम मे जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण कर रहे है। साथ ही शासकीय आयोजनों में भी योगदान देकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन का महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहित पार्षदों द्वारा वार्डो में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी लेकर वार्डवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने प्रोत्साहित किया जाता है।



# स्मार्ट मीटरिंग परियोजना के लिए 744 करोड़ का ऑर्डर

**रायपुर 5 अगस्त।** टाटा पावर को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) में स्मार्ट मीटरिंग परियोजना के कार्यान्वयन का लेटर ऑफ़ अवार्ड (एलओए) मिला है। छत्तीसगढ़ डिस्कॉम के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए तीन पैकेजेस के लिए सीएसपीडीसीएल द्वारा जारी निविदा के निष्कर्ष में एलओए को जारी किया गया है। टाटा पावर ने पैकेज 2 में हिस्सा लिया था और उस में उन्हें सफलता मिली है। टीपीसीएल को मिली परियोजना का मूल्य - 1744 करोड़ रुपये है और इसकी अवधि 10 वर्ष होगी। टाटा पावर के सीईओ और एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, ÷हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में स्मार्ट मीटरिंग परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 1744 करोड़ रुपयों का एक महत्वपूर्ण ऑर्डर हमें मिला है। विद्युत वितरण क्षेत्र में नए परिवर्तन लाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही, उच्च मूल्य की विशेष परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने की हमारी विशेषज्ञता का यह एक प्रमाण है। परियोजना में डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग के बाद उपभोक्ता स्तर पर और वितरण ट्रान्सफॉर्मर्स स्तर पर स्मार्ट मीटर्स का संचालन और रखरखाव शामिल होगा।

## एक शाम दर्शन रावल के नाम

**रायपुर 5 अगस्त।** बॉलीवुड के पार्श्व गायक दर्शन रावल अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरने छत्तीसगढ़ कि राजधानी रायपुर में 6 अगस्त को पहुंच रहे है । दर्शन रावल के स्वर में सुप्रसिद्ध गानो में मुख्य रूप से पहली मोहब्बत , तेरा ज़िक्र , बारिश लेते आना , बॉलीवुड में छोगाड़ा तारा , मेहरामा और हाल ही में आई फ़िल्म रॉकी और रानी में ढिंढोरा बाजे रे के अतिरिक्त और भी अनेकों गीतों को स्वरबद्ध किये है । लाइव कंसर्ट के लिए आयोजक द्वारा बारिश को देखते हुए वाटर प्रूफ डोम एवँ अन्य तैयारी शुरू कर दी गई है ताकि दर्शकों को किसी प्रकार से असुविधा ना हो ।

# राहुल गांधी को मिली राहत, ये निर्णय मोहब्बत की जीत : कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** ''नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत'' अभा कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी की सजा पर सर्वोच्च न्यायालय की रोक लगाने पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मानव मंदिर चौक पर पटाखे फोड़कर, मिठाईयां बांटी व जीत का जश्न मनाया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी को सूरत कोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले में देश के सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) द्वारा मिली राहत से देश व प्रदेश के कांग्रेसजनों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन से जुलूस निकालकर मानव मंदिर चौक पहुंची जहां पर कांग्रेसजनों द्वारा पटाखे फोड़कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत कर राहुल गांधी जी व कांग्रेस पार्टी के जिंदाबाद के नारों के साथ मिठाई वितरण कर खुशियां मनाई। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि ''सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, नफरत की बाजार में मोहब्बत की जीत हुई है, आज माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा हमारे सर्वेमान्य नेता राहुल गांधी जी की दो साल सजा पर रोक लगाने पर आज कांग्रेसजनों में खुशियां मनाई। इस दौरान प्रमुख रूप से अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, छग खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, महापौर हेमा देशमुख, छग गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, पीसीसी महामंत्री थानेश्वर पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी व शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, महामंत्री फिरोज अंसारी, महेन्द्र शर्मा, झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, राजीव कुरियाकोस, शरद खंडेलवाल, अल्पसख्यंक उड़ीसा प्रभारी अब्दुल कलाम, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दद्दू मेश्राम, अशोक फडनवीस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, मोहनी सिन्हा, सुनीता सिन्हा, शमसुद्दीन सैफी, मनीष गौतम, शकील रिजवी, मनीष गौतम, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, विनय झा, मनीष साहू, शरद पटेल, अजय छेदैया, गामेन्द्र नेताम, अरशद खान, गेमू कुंजाम, मेहुल मारू, सुरेन्द्र देवांगन, जावेद अंसारी, हनीफ खान, आरबी मिश्रा, प्रज्ञा गुप्ता, भोला यादव, अभिमन्यु मिश्रा, अतुल शर्मा, अनीष जैन, हफीज वारसी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# नागरिकों को आवास का मिल रहा मालिकाना हक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 अगस्त।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन अधिनियम 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव की सीमा क्षेत्र के तहत अनाधिकृत निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के नियमितिकरण हेतु नगर निगम एवं नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने अनुमति के अतिरिक्त तथा बिना अनुमति के अवैध निर्माण प्रकरणों में 32 प्रकरणों को वैध किया। जिनमें राजनांदगांव नगर निगम के 16 प्रकरण तथा डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के 16 प्रकरण शामिल है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन अधिनियम 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव की सीमा क्षेत्र के तहत अनाधिकृत निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के नियमितिकरण के लिए 13 अगस्त 2023 अंतिम तिथि है। जिसके अंतर्गत अवैध निर्माण के प्रकरणों पर कलेक्टर की अध्यक्षता में अवैध नियमितिकरण के प्रकरणों पर परीक्षण के साथ ही अनुमोदन किया जा रहा है। जिले के नागरिक शासन के इस अधिनियम के तहत लाभान्वित हो रहे हैं और उन्हें अपने आवास के लिए मालिकाना हक मिल रहा है। राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत श्रीमती शोभा रानी पाण्डेय, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती रजनी पाल, श्री विनोद कुमार मटाले, श्रीमती सुरेखा जैन, श्रीमती मंगला अमलकर, श्रीमती निधी सिंह, श्री अनिल कुमार साव, श्री परवेज अहमद, श्रीमती संतोष बोहरा, श्री हरमेल सिंह, श्री मनीष कुमार बाघवानी, श्रीमती ओमेश्वरी देवांगन, श्री शीतल साहू, श्रीमती सरला देवी मूणोत को अनाधिकृत निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के नियमितिकरण के लिए अनुमति प्रदान की गई। इसी तरह डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के श्रीमती शोभा श्रीवास, श्री संतोष बहेकर, श्रीमती पुरनाबाई शेन्डे, श्रीमती पार्वती ब्राह्मणकर, श्री शंकर कुमार जंघेल, श्री मुकेश सिन्हा, श्री चंद्रकांत चिखले, श्रीमती जमुना देवी मड़ामे, श्रीमती प्रभा मुखर्जी, श्रीमती मीनाबाई, श्रीमती अंजू शुक्ला, श्रीमती उर्वशी राजपूत, श्रीमती गिरजा देवी, श्री शंकर लाल वर्मा, श्री रत्नेश संचेती, श्रीमती अनिता पोर्ते को अनाधिकृत निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के नियमितिकरण के लिए अनुमति प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्री सूर्यभान सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



संपादकीय

## यह तो बेरहमी है

महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को हॉस्टल/पीजी कमरों पर लगे टैक्स से जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत पुर्विचार करना चाहिए। जिस देश में उच्चतर शिक्षा पहले से समस्याग्रस्त स्थिति में हो, वहां आम छात्रों के लिए उसे महंगा बनाना किस रूप में तार्किक नीति हो सकती है, इसे समझना कठिन है। हाल में कई विश्वविद्यालयों में फीस में हुई भारी बढ़ोतरी के बाद अब खबर है कि हॉस्टलों और पीजी कमरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी भी लगा दिया गया है। महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत विचार करना चाहिए। वरना, यह कर लगाना एक तरह की बेरहमी समझा जाएगा। सरकार कह सकती है कि यह निर्णय जीएसटी काउंसिल के अथॉरिटी ऑफ एडवांस्ड रूलिंग (एएआर) ने दिया है। उसकी दो अलग-अलग बेंचों ने इस मामले में एक जैसे फैसले दिए हैं। इसके तहत नया टैक्स प्रभावी हुआ है। तो अब किसी हॉस्टल या पीजी (पेइंग गेस्ट) कमरे का किराया अगर 10 हजार रुपये था, तो अब यह 11,200 रुपये हो जाएगा। जिन दो मामलों में ये फैसले आए, उनमें एक बेंगलुरु बेंच का है। एक याचिका में बेंच से महिलाओं के लिए हॉस्टल और पीजी सेवायें चलाने वाली एक कंपनी ने अपील की थी कि निजी हॉस्टलों को आवासीय परिसरों की ही श्रेणी में डाला जाए और उन पर जीएसटी ना लगाया जाए। आवासीय परिसर को किराए पर देने पर उन पर जीएसटी नहीं लगता है। बेंगलुरु एएआर ने अपने फैसले में कहा कि हॉस्टल और पीजी कमरों को आवासीय परिसर नहीं माना जा सकता, क्योंकि वहां अपरिचित लोग एक साथ रहते हैं और हर महीने प्रति बिस्तर के आधार पर बिल बनाए जाते हैं। इसी तरह हॉस्टल चलाने वाली नोएडा स्थित एक कंपनी ने लखनऊ एएआर से कहा था कि वो आवासीय सेवाएं देती है, इसलिए उससे जीएसटी नहीं वसूला जाए। लेकिन इस मामले में भी एएआर इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। लेकिन इन फैसलों का सीधा असर हॉस्टलों और पीजी कमरों में रहने वाले छात्रों पर पड़ेगा। क्या इसे शिक्षा को हतोत्साहित करने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए?

## आरक्षण के भीतर आरक्षण होगा क्या?

जस्टिस जी रोहिणी के अध्यक्षता में बने आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्पति को सौंप दी है। इस आयोग का गठन 2017 में हुआ था और तीन महीने में इसे अपनी रिपोर्ट देनी थी। लेकिन पिछले छह साल में आयोग को 14 विस्तार मिला और अब जाकर इसने अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी है। इस आयोग को यह पता लगाना था कि आरक्षण का लाभ क्या समान रूप से सभी जातियों को मिल रहा है? जस्टिस रोहिणी आयोग ने अपनी शुरुआती फाइंडिंग में बता दिया था कि कुछ जातियां हैं, जो आरक्षण का ज्यादा लाभ ले रही हैं, जबकि ज्यादातर कमजोर जातियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है कि आयोग का गठन करने के बाद सरकार इस मामले में सुस्त पड़ गई क्योंकि उसको लगने लगा कि इसकी फाइंडिंग के आधार पर आरक्षण में कोई भी बदलाव किया गया तो उसका राजनीतिक नुकसान हो सकता है। असल में पिछड़ी जातियों में भी जो आर्थिक व शैक्षणिक रूप से मजबूत जातियां हैं उनको आरक्षण का ज्यादा लाभ मिला है। बहुत सी अति पिछड़ी जातियां ऐसी हैं, जिनको आज तक आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। सो, कायदे से सभी पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ पहुंचाने के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण का प्रावधान करना होगा। जिन जातियों को ज्यादा लाभ मिला है उनकी बजाय अब कम लाभ हासिल करने वाली जातियों को महत्व देना होगा। लेकिन क्या सरकार ऐसा कर पाएगी? इसकी संभावना कम है क्योंकि कोई भी पार्टी नहीं चाहेगी कि मजबूत पिछड़ी जातियां नाराज हों। सो, आने वाले दिनों में बीच का कोई रास्ता निकालने का प्रयास होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आ सकती है। सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता भी हाथ लगेगी। इस राशि के लोग आज जीवनसाथी के साथ मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। अपनी काबिलियत से काम को सरलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। ड्राई क्लीनर्स वालों के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

वृष राशिःआज का दिन बेहतर होगा। व्यापार को बढ़ाने से धन लाभ में काफी इजाफा होगा। किसी काम को करने में आज जल्दबाजी करने से बचें। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं जो आपकी निजी समस्याओं को दूर कने में मदद कर सकता है। अगर पहले किसी रिश्तेदार से अनबन हुई है तो रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है। विरोधी आपसे दूरिया बनाकर रहेंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आपसे दूर रहेंगी।

मिथुन राशिःआज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। शाम तक घरेलू सामान खरीदेने के लिए मार्केट भी जा सकते हैं। जाते समय जेब में थोड़े ज्यादा पैसे लेकर जाएं क्योंकि आज खर्च बढ़ सकता है। बिजनेस के सिलसिले से आज किसी से जरूरी मिटिंग हो सकती है। परिवार के साथ घर पर डिनर का प्लान बन सकता है। प्राइवेट ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है। लवमेट्स आज आपको सरप्राइज दे सकते हैं। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

कर्क राशिःआज तकदीर आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं वो आज किसी दोस्त की मदद से पूरा हो जाएगा। किसी दूसरे के मामले में राय देने से बचें। दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। अगर आज पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहे हैं तो आपको इससे काफी फायदा हो सकता है। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहना होगा।

सिंह राशिःआज का दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में रोज की अपेक्षा ज्यादा फायदा होने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को इंक्रीमेंट मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन लगेगा साथ ही किसी इंटरव्यू में जा रहे हैं तो पूरे आत्मविश्वास के साथ बात करें सफलता जरूर मिलेगी। सामाजिक कार्य के कारण सम्मानित किया जा सकता है। स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए स्पाइसी खाने से दूर रहें। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कन्या राशिःआगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेस्ट है। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रुकावटें आज दूर हो जाएगी। इस राशि के बिल्डर्स को आज धन लाभ होगा साथ ही नया कॉन्ट्रेक्ट भी मिल सकता है। पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएगी। परिवार में आज सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। बच्चों की सफलता से आज खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे। किसी अनजान पर भरोसा न करें। घर की सारी मुश्किलें दूर हो जाएगी।

तुला राशिःआज आपकी अंदरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी। उन लोगों से सावधान रहें जो आपको गलत राह पर ले जाने की सोचते हैं। बढ़ी हुई ऊर्जा के साथ आप कोई कार्य करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। पुरानी जायदाद के क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। संतान के प्रति विश्वास बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

वृश्चिक राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। धार्मिक कार्यों में जीवनसाथी के साथ जाने का मन बनाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस आपसे मीटिंग करेंगे। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर जल्दी गुस्सा करने से बचें। लवमेट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है।

धनु राशिःआज का दिन सामान्य रहेगा। वैवाहिक जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नयी योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा। कालात्मक कार्यों में आज आपकी रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

मकर राशिःआज ऑफिस में आपका कॉन्फिडेंस देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर आज नए काम को शुरू करें तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा। नवविवाहित दंपत्ति आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाएंगे। किसी से भी बात करते समय आज मीठी भाषा का प्रयोग करें। विरोधी आज आपसे दोस्ती करने के लिए हाथ आगे बढ़ा सकते हैं। किसी काम को लेकर माता-पिता से परामर्श ले सकते हैं। लवमेट्स आज किसी ट्रिप पर ले जाने का वादा कर सकते हैं। आर्थिक पक्ष पहले से और मजबूत होगा।

कुंभ राशिःआज का दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के ट्रैवेल्स एजेंसी वाले लोगों को आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। अचानक कहीं धनलाभ होने के योग बने हुए है। किसी करीबी से फोन पर बात हो सकती है। घर पर ही परिवारवालों के साथ इंज्वाय करेंगे। कला के क्षेत्र में रुझान वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी पेंटिंग सबको पसंद आएगी। समाज मे आपका नाम रोशन होगा। लवमेट्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मीन राशिःइस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। व्यापार में आर्थिक लाभ की सम्भावना बनी हुई है। आपका मन किसी पुराने मित्र से मिलने का करेगा, हो सकता है आज किसी ऐसे मित्र से फोन पर बात हो जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है। संतान पक्ष से आज को बड़ी खुशखबरी मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कोच से कुछ नया सीखने को मिलेगा।

# दृश्य देख विध्वंश का धरती भय से थर्राती है !

जंग

सुनील कुमार महला



युद्ध किसी भी समस्या का कभी भी स्थाई समाधान नहीं होता है। युद्ध में केवल और केवल विध्वंस है,आग है,धमाका है,खून है, चीत्कारें हैं। युद्ध मानवहीनता की पराकाष्ठा है, वास्तव में युद्ध करूणा का अंत है। युद्ध के विरूद्ध केशव शरण अपनी एक कविता युद्ध महान् में कुछ यूं लिखते हैं- अपना रथ भी दौड़ाऊं,बाण भी चलाऊं और जीत भी लूं युद्ध महान् ,मेरी सैन्य-सुविधाएं क्या यही भगवान ! मैं वीर गति को प्राप्त हो जाऊं और पाऊं स्वर्ग में स्थान, इस सांत्वना के अलावा और कुछ नहीं भगवान ! रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ वर्ष का लंबा समय हो गया है। यह ठीक है कि दोनों देशों में वर्चस्व, सम्मान और स्वाभिमान की लंबे समय से जंग जारी है, लेकिन युद्ध से आखिर होगा क्या ? युद्ध से नुकसान ही नुकसान हैं, कोई फायदा नहीं। आज भी दोनों देशों में से कोई भी देश झुकने को और पीछे हटने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा न केवल रूस और यूक्रेन को बल्कि दुनिया के लगभग लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस युद्ध में न तो कोई जीत रहा है न ही कोई हार रहा है। दिसंबर 2022 में ही यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक यह बात सामने आई थीं कि , यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। दिसंबर 22 के ही आंकड़ों के अनुसार रूस भी युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है।अमेरिका-यूरोप-यूक्रेन और रूस के लिए युद्ध के अपने-अपने मायने हैं और नफे-नुकसान हैं। लेकिन, कुल मिलाकर बात यह है कि पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। करीब 32 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) का खर्च तो दिसंबर 22 तक ही हो चुका और इसके बाद तो सात महीने का और समय बीत चुका है तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस युद्ध पर कितना अधिक खर्च हो चुका है।जाहिर है, यूक्रेन को युद्ध का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ा है। भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति शृंखला, महंगाई और बेरोजगारी जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ तो दिसंबर 22 तक ही पड़ा है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि 24 फरवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक रूसी हमलों में यूक्रेन का 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। भारतीय करंसी में ये रकम 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठती है। आज स्थिति यह है कि युद्ध के कारण शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। पर्यावरण का कितना अधिक नुकसान हुआ है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध में अब तक हजारों लाखों लोगों की जानें जा चुकी है और हजारों लाखों लोग युद्ध के कारण विस्थापित हो चुके हैं। यहां तक कि लोगों की भोजन, ईंधन, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें तक पूरी नहीं हो पा रही है और वे युद्ध की वजह से जीवित रहने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 24 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। यूक्रेन की स्थिति तो यह है गई है कि यूक्रेन आने वाले पचास सालों में भी युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पायेगा, हालांकि युद्ध से रूस भी बरसों पीछे चला गया है और उसका भी नुकसान यूक्रेन से कमतर नहीं आंका जा सकता है। इस युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित और अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। यूक्रेन द्वारा रूस पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं लेकिन इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में जो बयान दिया है उसे गम्भीरता से लिया जाना चाहिए और युद्ध को समाप्त करने की कोई न कोई पहल जरूर की जानी चाहिए। यह बहुत ही संवेदनशील है कि रूसी सेना यूक्रेन के आत्मसमर्पण करने से पहले हमले रोकने को तैयार नहीं है, वही यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अंतिम सांस तक मुकाबला करने, लड़ने की कसम खाई है। सच तो यह है कि यूक्रेन को नाटो देशों से मिल रहे हथियारों ने युद्ध को लंबा खींचने में बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन जो भी हो इस युद्ध को रोका जाना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। हालांकि युद्ध के संबंध में पुतिन का यह कहना है कि वे कभी भी शांति पहल के खिलाफ नहीं रहे हैं लेकिन जब यूक्रेन की सेना बड़े पैमाने पर उनके देश पर हमले कर रही हों तो रूस की सेना युद्ध विराम कैसे कर सकती है ? आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन,अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे ?बिना शर्तों के शां?ति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है।

युद्ध के चलते दुनिया भर में आज पैट्रोल, ऊर्जा संकट व खाद्यान्नों का खड़ा हुआ है। यूक्रेन गेहूं का एक बड़ा उत्पादक देश है और युद्ध के कारण अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट लगातार गहरा रहा है। आज सोमालिया, कीनिया, इथियोपिया और दक्षिण सूडान जैसे देशों में पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा सहायता की जरूरत है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस यूक्रेन युद्ध से मध्य पूर्व के कुछ देशों में भी खाद्य असुरक्षा पैदा हुई है और खाद्यान्न की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला है। मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों में ही नहीं संपूर्ण विश्व में खाद्यान्न कीमतों में इस युद्ध के कारण बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। विश्व के अनेक देशों में युद्ध से गरीबी और भूख में इजाफा हुआ है। ऊर्जा व्यापार, कमोडिटी व्यापार, सेवाएं और यात्रा, निवेश और वित्त पर असर पड़ा है। इतना ही नहीं इस युद्ध के कारण आज संपूर्ण विश्व दो गुटों में बंट चुका है। सच तो यह है कि रूस यूक्रेन युद्ध को यदि तुरन्त नहीं रोका गया तो इससे विश्व शांति को गम्भीर खतरा पैदा हो जाएगा। रूस यूक्रेन के साथ ही अब अमेरिका एवं नाटो देशों को भी?अपनी जिद और दंभ छोड़ने की जरूरत है। अमेरिका और नाटो देशों की यह बहुत बड़ी भूल है कि वे यूक्रेन को सैन्य सहायता ,गोला बारूद व हथियारों की सप्लाई करके रूस से युद्ध जितवा देंगे। यूक्रेन को भी नाटों में शामिल होने की महत्वकांक्षा को त्याग देना चाहिए और वार्ता की मेज पर आना चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि ...दृश्य देख विध्वंश का धरती भय से थर्राती है,स्वयं काल की काया भी यह चित्र देख घबराती है।

# डंडा है अपना प्रक्षेपास्त्र

व्यंग्य

डॉ सूर्यकांत मिश्रा



आज फिर कुछ अलग लिखने का मन हो रहा है । वह भी ऐसे शब्द पर जिसका नाम जुबान पर आते ही अदृश्य परेशानी का अनुभव होने लगता है । तीन अक्षरों से बना शब्द अपने आप में रहस्यों का पिटारा है । वह इसलिए कि खाखीधारी नामक प्राणी ना तो किसी का मित्र होता है और ना ही शत्रु । वह लोगों की गलतफहमी ही हो सकती है कि फलां ठिकाने में बैठा खाखीधारी अधिकारी उसका अच्छा मित्र है । जरूरत पड़ने पर वही मित्र समझा जाने वाला खाखी वर्दीधारी कब लाल वस्त्रों की खतरे वाली झंडी बन जाए , कह पाना संभव नहीं है ! हमारे भारतीय शास्त्रों में खाखी धारी व्यक्ति को रक्षीन अर्थात रक्षा प्रदान करने वाला कहा गया है । मैं अपने दिल की कहूं तो मैं अपने छह दशक में भी इस शब्द की सही परिभाषा नहीं कर पाया हूं । कभी नर्म कुल्फी और आइसक्रीम तो कभी मुंह में फंस जाने वाली कड़ी सुपारी के रूप में मैंने इन समाज सेवकों को पाया है ! वैसे सरल शब्दों में कहूं तो यह प्रजाति दिखने में हमारे जैसी ही होती है , किंतु कुछ अलौकिक शक्तियों के चलते उसकी ताकत अलग दिखाई पड़ती है । अपने शरीर पर खाकी वर्दी डाले कानून के रक्षक के हाथों में कभी अस्त्र तो कभी शस्त्र के रूप में एक लाठी होती है, जिसे डंडा कहा जाता है । इसी डंडे के दम पर वह शक्तिमान बन जाती है । मैंने अस्त्र और शस्त्र के रूप में डंडे को बताया है । कारण यह कि कभी डंडे लहराते हुए बरसाए जाते हैं तो कभी फेंककर भी प्रहार किया जाता है ।

हम जब खाखीधारी व्यक्ति की बात कर रहे हों तो उनके प्रताप की चर्चा भी जरूरी हो जाती है । वैसे मैं अपने खाख़ी वर्दी मित्रों से निवेदन करना चाहता हूं कि यदि वे मेरे इस लेख को पढ़ रहे हों तो कृपया मेरी कुंडली ना बनाएं क्योंकि मुझे आपके प्रबल प्रताप का ज्ञान है । त्राहिमाम... त्राहिमाम कहने का तात्पर्य यह कि जिनके शरीर पर खाकी वर्दी नहीं है या जो इसके हकदार नहीं है वह जरूर इसे गंभीरता पूर्वक पढ़ें । मानवीय समाज यह अच्छी तरह समझता है कि खाखी हर जगह पाई जाती है अर्थात वह सर्वव्यापी है । यही वह शक्ति है जो आकाश से लेकर पाताल तक आसानी से जा सकती है ! मैं तो यह कल्पना कर रहा हूं कि रामायण और महाभारत काल में यदि खाखी होती तो भगवान राम के एसपी केवल हनुमान ही होते !

इसी तरह महाभारत काल में खाखी की उपस्थिति होने पर भीम ही इस पद के हकदार होते ! यह अद्भुत प्रजाति भूतकाल से लेकर वर्तमान ,भविष्य काल तक यात्रा कर सकती है । इसे सत्यापित करने के लिए मैं एक समाचार की सुर्खियों में जाना चाहता हूं - जिसमें एक मृत व्यक्ति खाखी की महिमा के चलते अदालत में गवाही देने जा पहुंचा । इनकी वर्दी का रौब भी कुछ अलग होता है । जब कभी कोई बिना खाखी सामान्य व्यक्ति की तरह कहीं जा रहा हो तो आप विवाद होने पर उसके साथ अश्लीलता भरे शब्दों का इस्तेमाल कर सकते हैं , किंतु जब वही अपने शरीर पर खाकी डालकर निकला हो तो उसकी त्रुटि पर भी आपके मुखारविंद से शब्द नहीं फूटेंगे ! यही है खाकी की शक्ति और उसे पहनने वाला शक्तिमान ।

एक व्यक्ति को पहना दी गई खाखी में इतना दम है कि वह अपने पहनने वाले को बिना किराए के ही बस और ट्रेन में यात्रा करा सकती है ! इतना ही नहीं वह किसी भी दुकान से जरूरी सामान बिना लक्ष्मी दिए ले सकता है ! मेरे पाठकों से पुनः निवेदन करना चाहता हूं कि इस तरह की गतिविधि को भूलकर भी गुंडागर्दी जैसे शब्दों से अलंकृत ना करें ! यह तो उस शरीर की दबंगई है जो खाकी धारण करते ही शरीर में ठीक उसी तरह उत्पन्न होती है जैसे पेट्रोल में माचिस की आग ! इस वर्दी की एक और विशेषता है , जो कभी मैली नहीं होती , किंतु दागदार कभी - कभी हो जाया करती है !एक और महिमा इस वर्दी की देखने में आती रही है वह यह कि इसमें कितनी जेबैं, हैं और कहां-कहां छुपी है ? इसे आज तक कोई नहीं जान पाया है ! इसे ढूंढने में वैज्ञानिक भी असफल हो चुके हैं । अपने हथियार डालते हुए उन्होंने यहां तक कह डाला कि ब्लैक होल की तहकीकात की जा सकती है , किंतु वर्दी की कौन सी जेब में क्या गया ? इसे केवल खाखीधारी ही अपनी दिव्य शक्ति से निकाल कर दिखा सकता है ! खाखी का दिव्य अस्त्र डंडा किसी जादूगर की छड़ी से कम करामाती नहीं है । थोड़ा सा हवा में लहराया गया की थैली सब्जी से भर जाती है ! हाथों में गर्म चाय की प्याली पकड़ा दी जाती है ! पान ठेलों पर इसकी जोर की ठक की आवाज के साथ ही मुंह में बनारसी पान उछलकर पहुंच जाता है ! यही डंडा धारी हाईवे पर पहुंचकर वाहनों के आगे डंडा लहरा दे , तो छोटी सी खिड़की नुमा जगह से लक्ष्मी की कृपा आने लगती है ।

प्रकाश की गति और खाखी की सदवाक्यों की गति की तुलना करूं तो कई लाख प्रति सेकंड की गति वाला प्रकाश भी खाखी सद वाक्य के आगे घुटने टेकता नजर आ सकता है ! एक मकान बनाने वाले जमीन मालिक को एक बार मेरे समक्ष ही इस गति से सदवाक्यों की बारहखड़ी सुनाई गई कि मेरे कानों ने मुझे झकझोर कर मैदान छोड़ने विवश कर दिया ! इन सदवाक्य और उसके कहने वाले की एक और विशेषता इस रूप में सामने आई कि कोई भी सदवाक्य दुबारा अथवा रिपीट की श्रेणी में नहीं सुना गया ! मेरी नजर में खाखी सबसे बड़ी सामाजिक संस्था के रूप में हमारे सामने आती है । यह समाज के छोटे से छोटे और बड़े से बड़ों के द्वार पर खड़ी नजर आती है । एक बार हमारी यही सामाजिक सेवा से परिपूर्ण खाखी एक पढ़े-लिखे प्रोफ़ेसर से भिड़ गई । खाखी अपने सदवाक्य कहे जा रही थी । हैरान-परेशान प्रोफ़ेसर ने तमतमाते हुए खाखी को बास्टर्ड भर कह दिया । उसका यह शब्द बड़ी सजा में तब्दील हो गया , क्योंकि कानून को कोई कुछ नहीं कह सकता है । कानून को यह छूट है कि वह कितने भी शूल शब्दों से किसी को भी भेद दे ! इसका नतीजा यह हुआ कि प्रोफ़सर ने जहां कॉलेज से इस्तीफा दे दिया , वहीं बाजार में सामान खरीदना जाना भी छोड़ दिया । मैं अपने पाठकों को भी यही सलाह देना चाहता हूं कि हमारे सामाजिक सेवकों खाखीधारियों पर छींटाकशी न करें और प्रसन्नता का जीवन जिएं !

# न न करते प्यार तुम्हीं से...

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

गैंग्स ऑफ बायकॉट ने जो रहम और करम खान पर दिखाई है उससे मुझ जैसे दो कौड़ी के निकम्मे को भी फिल्म बनाने का हौंसला मिला है। आपने बायकॉट करने के नाम पर सफलता के नए सूत्र प्रतिपादित किए हैं। इन सूत्रों को ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में सभी फिल्म निर्माताओं को एक से बढ़कर एक वाहियात फिल्में बनानी चाहिए। मुझे तो उस समय बड़ी खुशी हुई जब आपने फिल्म का नाम बदले बिना, निर्माता-निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री से हाथापाई किए बिना, मुँह पर लीपा-पोती किए बिना, फिल्म का कोई सीन कट किए बिना या बदले बिना आपने उसे अपनी पब्लिसिटी दे दी। मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि आप लोग गीदड़-सियार तो कतई नहीं हो सकते। हाँ मच्छरों और मक्खियों से गए गुजरे जरूर हो। गीदड़ भभकियों के नाम पर आप डराते तो हो लेकिन एक्शन की बारी आते ही टाँय-टाँय फिस्स हो जाते हो।



मैं आपको पूरा विश्वास दिलाता हूँ कि मैं ऐसी फिल्म बनाऊँगा जिससे आप लोगों को ऐसी-ऐसी जगह पर मिर्ची लगेगी न बताने लायक रहेंगे और न दिखाने लायक। मैं इस बात का पूरा ध्यान रखूँगा कि अभिनेत्री तुम्हारी भावनाओं को आहत करने वाली हर अदा धड़ल्ले से करे। अभिनेता अपनी बीच वाली अंगुली उठाकर आपको भड़काने की पूरी कोशिश करेगा। मैं ऐसे-ऐसे गाने रखूँगा कि न उसे तुम सुन पाओगे और न तुम्हारे घर वाले। हाँ इतना जरूर कहना चाहूँगा कि आपके पैर क्लब या बार में जाने पर अवश्य थिरक उठेंगे। मैं तुम्हारी संस्कृति, परंपरा, आस्थाओं, भावनाओं सबकी ऐसी बैंड बजाऊँगा कि आप सोच में पड़ जायेंगे कि कौनसा सीन सबसे ज्यादा शर्मींदा करने वाला है। मैं आपको भड़काने, बहकाने, लड़ने-झगड़ने, हिलन-डुलने के सभी अवसर उपलब्ध कराऊँगा, लेकिन मेरी आपसे केवल एक प्रार्थना है कि आप मुझ पर इतने केस कर दें कि लोग गूगल करने पर मजबूर कर दें कि यह बंदा आखिर कौन हैं। अपने आकाओं वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, गृहमंत्रियों या बिन सिर-पैर के बात करने वाले पहुँचे हुए तीसमारखानों से मेरी फिल्म के खिलाफ फतवा जारी करवा दें। इससे मीडिया के केंद्र में पहुँचने में आसानी होगी। मैं अपनी हरकतों के लिए चुल्लू भर पानी में डूब मरूँगा या नहीं लेकिन आपको मरने नहीं दूँगा। आप हैं तो पब्लिसिटी है। पब्लिसिटी है तो वाहियात फिल्मों का बोलबाला है। वाहियात फिल्में हैं इसलिए देश विकास कर रहा है। देश विकास कर रहा है इसीलिए हम बेरोजगारों को ठिकाने पर लगा पा रहे हैं। कुल मिलाकर आपका बायकॉट सभी मर्ज की एक दवा है।

# अमेरिका के खिलाफ पुतिन,सी जिनपिंग और किम जोंग उन की गुप्त न्यूक्लियर साझेदारी?

विदेश

संजीव ठाकुर



रूस यूक्रेन युद्ध को 18 माह से ज्यादा हो चुके हैंद्य यूक्रेन द्वारा मास्को में बड़े ड्रोन अटैक के बाद पुतिन प्रशासन पूरा हिल गया है। इसके अलावा यूक्रेन मिसाइल से रूसी युद्धपोत पर हमले से रूस की सेना घबरा गई हैद्य इतने दिनों के युद्ध के बाद भी यूक्रेन युद्ध से पीछे हटने को बिल्कुल तैयार नहीं है और अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों की सामरिक मदद से यूक्रेन और बलशाली हो गया है वह लगातार काउंटर अटैक यूरोप की सेना पर कर रहा है। रूसी सेना यूक्रेन के सामने कई मोर्चों में कमजोर दिखाई देने लगी है। इसमें दो मत नहीं के रूस ने यूक्रेन को कमतर आंक कर बहुत बड़ी भूल की है यूक्रेन लगातार युद्ध में डटा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच पूरी दुनिया के सामने कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिससे न केवल अमेरिका की मुश्किलें बढ़ा दी हैं बल्कि सभी पश्चिमी देशों को गहन चिंता में डाल दिया है। उत्तर कोरिया के विक्ट्री डे उत्सव मनाने के दौरान रूस के रक्षा मंत्री सरगई शोइगू और चीन की महत्वपूर्ण कम्युनिस्ट पार्टी के सीनियर सदस्य ली होंग जोंग मौजूद नजर आए। यह तो तय है कि पुतिन, शी जिनपिंग और किम योंग के बीच अमेरिका तथा यूक्रेन के खिलाफ नई खिचड़ी पक रही है। तीनों के बीच नई न्यूक्लियर साझेदारी गुप्त रूप से की गई है जो निसंदेह अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

एजेंसियों द्वारा बताया गया कि उत्तरी कोरिया के अधिकारिक भवन में वहां के तानाशाह किम के साथ पुतिन के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा इस नॉर्थ कोरिया के विजय दिवस पर मिसाइल का परीक्षण भी किया गया एवं पुतिन के दाया हाथ माने जाने वाले रक्षा मंत्री सर्गेई तथा चीन के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि ली होंग जोंग की मौजूदगी यूक्रेन तथा अमेरिका के खिलाफ परमाणु संधि को परिणाम देती नजर आ रही है और यह गुप्त संधि अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु युद्ध की एक बड़ी चेतावनी भी है। अब ऐसा लगने लगा है कि रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करते हुए 18 माह से ज्यादा बीत जाने के पश्चात रूस को अपनी कमजोरियों का एहसास होने लगा है। रूस की जनता भी अब इस लंबे युद्ध से ऊब चुकी है पुतिन के सैन्य अधिकारी तथा सेना भी युद्धविराम चाहती है पर पुतिन की जिद के कारण उन्हें युद्ध में अपनी जान गंवानी पड़ रही है। रूस को अपनी युद्ध में कमजोरियां साफ नजर आ रही है और यही वजह है कि रूस अब दुनिया से मदद की अपेक्षा करने लगा है खासकर उन देशों से जिनकी विशिष्ट पहचान अमेरिका तथा पश्चिमी देशों से कट्टर दुश्मन के तौर पर होती है। रूस की योजना के अनुसार रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया यूक्रेन के खिलाफ जंग में अमेरिका के खिलाफ भी एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है की तीनों परमाणु शक्ति संपन्न देश अमेरिका द्वारा यूक्रेन को मदद करने कि प्रतिक्रिया के फल स्वरुप यूक्रेन तथा अमेरिका पर कभी भी परमाणु आक्रमण कर सकते हैं। इसकी वजह एकदम साफ है की जब यूक्रेन ने मास्को में एक के बाद एक कई ड्रोन अटैक करके राजधानी में हड़कंप मचा दिया है। इससे यह साफ नजर आता है की रूस की खुफिया एजेंसियों कि यह बड़ी असफलता ही है इसके अलावा मास्को की सुरक्षा के लिए लगाए गए डिफेंस सिस्टम भी इस आक्रमण के खिलाफ कुछ नहीं कर सके थे। अब यह वैश्विक स्तर पर माना जाने लगा है की यूक्रेन की हिम्मत के सामने रूस की ताकत बहुत कमजोर पड़ती नजर आ रही है। डेढ़ साल के रूस यूक्रेन युद्ध में रूस की अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर पड़ गई है। उसका आवश्यक वस्तुओं का निर्यात ,उत्पादन एकदम कम हो गया है। अमेरिका तथा नाटो देशों ने रूस के निर्यात तथा विदेशी आर्थिक नीतियों पर कड़े नियंत्रण तथा विरोध के कारण अब रूस की जीडीपी काफी नीचे आ गई है। रूस में वैगनर ग्रुप द्वारा विद्रोह किए जाने के फल स्वरुप भी वैश्विक स्तर पर रुस के खिलाफ एक बड़ा संदेश दिया गया है कि पुतिन अपनी सेनाओं तथा नागरिकों पर नियंत्रण करने में धीरे-धीरे असफल हो रहे हैं और यही कारण है कि रूस अमेरिका यूक्रेन तथा पश्चिमी देशों के खिलाफ अपने मित्र की ताकत की खोज में नॉर्थ कोरिया और चीन की तरफ काफी आशा भरी निगाहों से देख रहा है। रूस ने इस कल्पना के साथ की वह यूक्रेन को 1 माह के युद्ध में परास्त कर देगा युद्ध की शुरुआत की थी पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और उसकी सेना के हौसले तथा अमेरिकी एवं नाटो देशों के आर्थिक सामरिक सहयोग से यूक्रेन पूरी ताकत तथा हौसले के साथ इस युद्ध का सामना किया है। यह अलग बात है कि यूक्रेन पूरी तरह इस युद्ध में बर्बाद हो चुका है और हजारों सैनिकों की बलि चढ़ा चुका है। इसी तरह रूस भी अरबों रुपए के नुकसान पर खड़ा है एवं उसके भी हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। पूरे विश्व में केवल भारत ही एक ऐसा देश है जो आगे बढ़कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोककर विश्व को शांति का संदेश दे सकता हैअन्यथा यदि चीन रूस और नॉर्थ कोरिया यूक्रेन तथा अमेरिका और पश्चिमी देशों के खिलाफ न्यूक्लियर हमला करता है तो विश्व युद्ध होने की संभावना है बलवती हो जाती हैं और अंतर्राष्ट्रीय शांति को बड़ा खतरा हो सकता है।

## एक नजर

### मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**सुकमा 4 अगस्त।** कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा मे विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला से वोट की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। भारत के लोकतंत्र मे आस्था बनाए रखने हेतु बिना भय, लालच, एवं निष्पक्ष होकर मतदान करने तथा बिना किसी प्रकार के धन, सामान, खान-पान के वस्तु आदि के प्रलोभन स्वीकार नहीं करने का वचन दिया गया। साथ ही अपना मत किसी भी प्रकार के दबाव मे आये बिना शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दोहराया गया। अपने अपने घरों में मतदान करने वाले अविभावकों, पालकों, परोसियों, परिजनों को निष्पक्ष मतदान एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्पित करने का जागरूक अभियान आज से निरतंर चलने का कार्य प्रराम्भ किया गया है। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य श्री बी एल औरसा,प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास राव एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 837.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 4 अगस्त।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 1164.1 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 666.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 677.2 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 659.7 मिलीमीटर और तोंगपाल तहसील में 1149.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में 04 अगस्त तक 837.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1800.6 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन 03 अगस्त के आधार पर सर्वाधिक वर्षा तोंगपाल तहसील में 19.8 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 7.2 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 8.0 मिलीमीटर सुकमा तहसील में 8.0 मिलीमीटर तथा न्यूनतम वर्षा कोण्टा तहसील में 2.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार 7.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत 16 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 4 अगस्त।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा प्रारंभ हो गया है। योजनान्तर्गत जिला सुकमा के धान सिंचित, असिंचित उड़द, मूंग, कोदो, कुटकी, रागी, अरहर फसलों का बीमा किया जा रहा है। जिला कार्यालय कृषि विभाग सुकमा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ फसलों का बीमा 16 अगस्त 2023 तक आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानाकरी हेतु वरिष्ठ कृषि अधिकारी कार्यालय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 अगस्त।** पखांजूर तहसील के पी.व्ही-30 योगेन्द्रनगर निवासी 45 वर्षीय कृष्णा सरकार की डबरी के पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिये गये प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मृतक की पत्नी श्रीमती संध्या रानी सरकार के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किये हैं। स्वीकृत सहायता राशी का भुगतान पखांजूर तहसीलदार के द्वारा हितग्राही के बैंक खाता में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

### शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रारंभ

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 अगस्त।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाओं में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर के मध्य 20 जून को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क द्वारा डिजायन किये कोर्स असिस्टेंट मेनूअल मेटल आर्क वेल्डिंग में कौशल प्रशिक्षण हेतु अनुबंध किया गया है। शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में पहले बेच के प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है, जो 30 सितम्बर तक चलेगा।

# अबूझमाड़ के दूरस्थ इलाकों में एसडीएम के दौरे से ग्रामीणों में खुशी

## सालों बाद अपने गांव में अधिकारी को देख ग्रामीण हुए गदगद, गांव में विकास की जगी उम्मीद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर 5 अगस्त।** नारायणपुर जिले का अबूझमाड़ आज भी विकास से कोसों दूर है ऐसा नहीं है कि अबूझमाड़ के विकास के लिए शासन प्रशासन ने कोशिश नही की हो , कोशिश की लेकिन उन कोशिशों पर भ्रष्टचार ने पानी फेर दिया । शासन प्रशासन के नुमाइंदे के द्वारा निर्माण कार्य से लेकर वृद्धपेंशन तक की राशियों में भ्रष्टचार करने की वजह से आज भी अबूझमाड़ विकास से कोसों दूर है । इस भ्रष्टचार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से तत्कालीन कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर प्रदीप वैध को एसडीएम ओरछा के पद पर नियुक्त कर अबूझमाड़ को विकास की राह पर लाने की जिम्मेदारी दी । जिसके लिए अबूझमाड़ के दूरस्थ और पहुंच विहीन इलाको में दौरे करके ही वहा वस्तु स्थिति स्पष्ट होती । ऐसे में अबूझमाड़ का इलाका नया , नए लोग उनके साथ सामंजस्य बिठाकर कर काम करने की चुनौती सामने थी । जिसे प्रदीप वैध ने स्वीकारा और अबूझमाड़ के दूरस्थ इलाकों का दौरा शुरू किया ताकि इन इलाको में क्या क्या कार्य हुए उनका क्रियावयन किस तरह से किया जा रहा है उसके बारे में ग्रामीणों से



मिलकर जानकारी ली । कई सालो बाद गांव में अधिकारी को देख ग्रामीणों में काफी खुशी नजर आई क्योंकि अब उनकी बाते उनके गांव आकार अधिकारी सुन रहे , नही तो अपनी बातो को बताने के लिए मिलो का सफर तय कर मुख्यालय जाना पड़ता था । एसडीएम प्रदीप वैध ने अबूझमाड़ के गारपा, कुडमेल , कोंगे, थुलथुली , टाहकवाड़ा, जाटलूर, मेटानार, मसपुर , पांगुड़, मंडाली , आदेर, ढोंडरबेड़ा, काहकवाड़ा, पोचावाड़ा, जुवाडा और कुतुल जैसे दूरस्थ और पहुंचविहीन गांव तक पहुंचे । इस दौरान ग्रामीणों ने जो बताया वो काफी चौकाने वाली बाते थी उनका कहना था कि कोई भी काम हो तो हमे ओरछा या फिर नारायणपुर जाना पड़ता है क्योंकि ज़िम्मेदार गांव आते ही नही है । वृद्धजनों को पेंशन की राशि के लिए भी मिलो का सफर तय करके ओरछा , नारायणपुर जाना पड़ता है वो भी साफ्ताहीक बाजार के दिन । गांव में स्कूल भवन , सड़क की हालत काफी दयनीय मिली जिसके बाद ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर समस्याओं का निदान के बारे में उनसे चर्चा कर कार्य शुरू किया । कार्य शुरू होने से भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और अपने किए गए कार्यों की लीपापोती में लग गए । एसडीएम ओरछा प्रदीप ने बताया कि ओरछा ब्लाक के एसडीएम बनाए जाने के बाद नई जिम्मेदारी दी गई जिसे पूरा करने के लिए सभी कर्मचारियों और ग्रामीणों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित कर अबूझमाड़ को विकास की राह पर लाना पहली प्राथमिकता थी। जिसके लिए अबूझमाड़ के दूरस्थ गांवों का दौरा करना और वहां के ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं और उनकी मांगो के बारे में जानकारी लेना था । जिसके लिए अबूझमाड़ के गांवों का दौरा शुरू किया गांव में पहुंच ग्रामीणों से मिल उनसे जानकारी ली । ग्रामीणों , स्कूल और आश्रम शालाओं के बच्चो ने अपनी अपनी समस्याओं और मांगो से अवगत कराया जिससे कलेक्टर महोदय को अवगत कर उनके निराकरण की शुरुवात की गई । जिन गांवों में बच्चो की शिक्षा के लिए भवन नहीं थे उन गांवों में भवन बनाने का निर्माण कार्य शुरू किया गया , बच्चो को अच्छी शिक्षा मिले उसे प्राथमिकता दी गई । बुजुर्ग ग्रामीणों को समय पर पेंशन की राशि मिले , निर्माण कार्य में तेजी आए , सचिव अपने मुख्यालय में जाए उसके लिए समय समय पर सचिवों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए और उनके साथ उनके पंचायतों के दौरे किए । जिसके चलते इन दूरस्थ इलाकों में स्कूल भवनों , स्वास्थ भवन के निर्माण से लेकर मरम्मत के कार्य तेजी से किए जा रहे है जिससे शिक्षा और स्वास्थ का लाभ अबूझमाड़ के ग्रामीणों को मिलेगा ।

# जिला पुनर्वास समिति की बैठक संपन्न

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 अगस्त।** कलेक्टर श्री हरिस. एस की अध्यक्षता में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को शासन की सुरक्षा एवं पुर्नवास के लिए गठित जिला स्तरीय पुर्नवास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत नक्सल पीड़ित परिवारों को लाभ मिलना सुनिश्चित करे। साथ ही उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने हेतु इनकी रूचि के अनुसार आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर इन्हें हुनरमंद बनाये ताकि ये अपनी जीविकोपार्जन कर सकें। कलेक्टर ने बैठक में आत्मसमर्पित



नक्सलियों के पुर्नवास के तहत आवास के लिए जगह चिन्हांकन कर, आवास निर्माण करने के लिए कार्योजना तैयार करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने आत्मसमर्पित व नक्सल सहायता के प्रकरण, आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान, नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति, आजीविका हेतु आबादी भूमि का आबंटन, शहरी पुर्नवास, कलेक्टर दर पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान मानदेय प्रदाय करने, स्व रोजगार हेतु बैंक में ऋण, नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने और नक्सलियों द्वारा किए गए चल, अचल संपत्ति एवं जीविकोपार्जन के साधन की क्षति में आर्थिक सहायता राशि प्रदाय करने सहित अन्य विषयों विस्तार से चर्चा कर, अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसपी श्री किरण चव्हाण, डिप्टी कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे एवं सहायक आयुक्त आदिवासी श्री गणेश सोरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनायी खुशियां

**कांकेर 5 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिलने के बाद कांग्रेस में खुशी का माहौल है सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में मोदी सरनेम मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी है! सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद तहसील नरहरपुर मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संगम चौक अमोडा कांकेर मार्ग नरहरपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की गई व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई! इस अवसर पर मैनुराम शोरी, गंगाराम कोडोपी,



टकेश्वर सिन्हा, गणेश कोडोपी, संतराम मरकाम, कमलेश कोमरा, महेश मंडावी, दिनेश पटेल, सुकराम शोरी, प्यारी सलाम, गोदावरी विश्वकर्मा, मांडवी दीक्षित,कौशिल्या शोरी,अनीता वट्टी, देवली गांवड़े पीलाराम कोमरा, डीकेश मरकाम, मोती साहू, भारत ध्रुव, संतोष नेताम, प्रकाश मंडावी, शिवचरण गांवडे, कचरूराम मरकाम, रोमन लाल सोनबेर, जगदीश ध्रुव, हलाल नेताम, इन्द्रमणि सिन्हा,जागेश्वर सिन्हा आदि भारी संख्या मे कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण उपस्थित थे!

### निजी कृषि आदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण




**सुकमा, 4 अगस्त।** कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक श्री पीआर बघेल के मार्गदर्शन में गत दिवस को जिले में कृषि विभाग सुकमा के जिला स्तरीय टीम द्वारा निजी कृषि आदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेताओं द्वारा कृषि आदानों की दर सूची प्रदर्शित नही करने की अनियमितता पाई गई, जिसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, बीज नियंत्रण आदेश 1966 एवं कीटनाशी नियम 1971 के तहत संबंधितों को नोटिस जारी की गई।

# ऐसेबेड़ा और कोड़ेकुर्से जनचौपाल में 543 आवेदन प्राप्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 अगस्त।** आम जनता की समस्या व शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले में क्लस्टरवार जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम ऐसेबेड़ा एवं दुर्गूकांदल विकासखण्ड के ग्राम कोड़ेकुर्से में जनचौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें 543 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत ऐसेबेड़ा में 312 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 137 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से में 231 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 28 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेश आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम ऐसेबेड़ा में आयोजित जनचौपाल को संबोधित करते हुए अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अनुप नाग ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन-प्रशासन बहुत संवेदनशील है। आपके गांव पहुंच कर आपकी समस्या, शिकायतों को निराकृत करने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही शासन के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी भी दिया जा रहा है, योजनाओं को समझें और उसका लाभ उठायें। जनचौपाल में जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उसका नियमानुसार निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गो के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा लोगों के बिजली बिल हाफ किया गया, किसानों के कर्ज माफ किए गए। अब उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें गरीब परिवार के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मिल रहा है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है, जिससे सभी को फायदा होगा। ग्रामीणों की मांग पर उनके द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ऐसेबेड़ा मरम्मत हेतु 01 लाख 09 हजार रूपये, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पखांजूर मरम्मत हेतु 02 लाख 20 हजार रूपये, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला घोड़गांव में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शासकीय हाई स्कूल घोड़ागांव में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष हेतु 06 लाख 96 हजार रूपये और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ऐसेबेड़ा में प्रयोग शाला कक्ष हेतु 07 लाख 63 हजार रूपये स्वीकृत करने की घोशणा की गई। जनचौपाल के अवसर पर श्री नाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम को श्री इन्द्रजीत विश्वास ने भी संबोधित किया।

## सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

# अस्पताल की सफाई व गोपनीय टेंडर मामले में अफसरों को फटकार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 5 अगस्त।** जिला पंचायत कार्यालय में आज सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष समेत सभी जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला अस्पताल में हो रही अव्यवस्था को लेकर जिपं अध्यक्ष तुलिका कर्मा समेत सभी सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ कश्यप को अस्पताल की व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया गया। तुलिका ने कहा कि अस्पताल के सभी कर्मचारियों को ड्रेस पहनने का निर्देश दिया जाए व अस्पताल मरीजों को मिल रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया। अस्पताल की सफाई व्यवस्था को सुधारने मरीजों




को जागरूक करने के निर्देश जिपं अध्यक्ष ने दिया। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बशाख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मौसमी बीमारियों के दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। तुलिका ने कहा कि जिले में फैले आई फ्लू पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि समय पर मरीजों को इसका लाभ मिल सकें। मत्स्य विभाग को मछली बीज वितरण जनप्रतिनिधियों के हाथों से कराने निर्देशित किया गया। वहीं फील्ड अफसरों के कार्य में कसावट लाने भी मत्स्य विभाग के अधिकारी को कहा गया। कृषि विभाग द्वारा लगातार अपने कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण सभी सदस्यों ने विभाग के अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। विभाग की तरफ से खेतों में लग रहे पम्पों में पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिपं अध्यक्ष ने जल्द ही व्यवस्था सुधारने को कहा। महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के मामले में जिपं अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई साथ ही आंगनबाड़ियों के मरम्मत जल्द कराने को निर्देशित किया गया। दंतेवाड़ा-बचेली पर बन रहे निर्माणधीन सड़क में बरती जा रही अनियमितता मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के ईई को जिपं अध्यक्ष ने फटकार लगाई। तुलिका ने कहा कि बचेली-दंतेवाड़ा मार्ग पर बन रहा सड़क लगातार विवादों से घिरता जा रहा है। सुरक्षा मानकों पर बिल्कुल ध्यान नही दिया जा रहा है। तुलिका ने विभाग को निर्देशित किया कि जल्द ही सभी सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जारी कार्यो को लेकर जिपं अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों ने ईई श्री ठाकुर को अपने कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। तुलिका ने कहा विभाग द्वारा नियमों की अनदेखी कर कार्य करने से पहले टेंडर कर दिया जा रहा है। तुलिका ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता रखे। श्री ठाकुर द्वारा अपने चहेतों को काम देने का आरोप भी हमेशा लगते आएं हैं, जिसे लेकर बैठक में उन्हें कड़ी फटकार पड़ी। वही जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल मरम्मत जल्द करने व शिक्षकों को अपने मूल विभाग में भेजने का निर्देश दिया।

## समाचार संक्षेप

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में बैठक का आयोजन

**सुकमा, 4 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी श्री नितिन डंडसेना के अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सुकमा में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह मिनी स्टेडियम सुकमा में किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों को देश भक्ति, फोक नृत्य, देश के संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा। सांस्क्रतिक कार्यक्रम हेतु 08 स्कूलों का चयन 10 अगस्त को आईएमएसटी स्कूल सुकमा में 11.00 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम का फाइनल रिहल्सल मिनी स्टेडियम सुकमा में 13 अगस्त को किया जाएगा। इस बैठक में जिला मिशन समन्वयक श्री श्याम सुन्दर सिंह चौहान, सांस्कृतिक कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्री आशीष राम एवम प्रभारी श्रीमती रेशमा कसीम, श्रीमती रीना सिंह, एवम विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य व सांस्कृतिक प्रभारी उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन कांकेर अंतर्गत ग्राम सिलपट एवं सोनादई बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 अगस्त।** दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम सिलपट एवं सोनादई में ग्राम सभा अध्यक्ष भीखम देहारी, सरपंच सरपंच श्रीमती बसंती भालेश्वर, ग्राम पटेल श्री प्यारे लाल दीवान, द्वारु राम, ग्राम गायता जयराम दुग्गा की उपस्थिति में हर घर जल प्रमाणीकरण जल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जल वाहिनियों को जल प्रमाण पत्र देकर प्रमाणित किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए कहा ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। ग्राम सभा में उपस्थित अतिथियों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाइप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन के लिए प्रेरित किया। सुश्री निशा वामन द्वारा जल जीवन मिशन की विस्तृत जानकारी देते ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, रजिस्टर मेंटेन करना, अंशदान के साथ ही राज्य द्वारा चलाए जा रहे जा रहे अभियान जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया। मेसर्स मोहित इलेक्ट्रिकल के द्वारा ग्राम सिलपट एवं सोनादाई में जल जीवन मिशन अंतर्गत प्राप्त कार्यो को पूर्ण किया गया।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित



**उत्तर बस्तर कांकेर 5 अगस्त।** जिले के विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री अशोक मारबल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित पेंषन के प्रकरणवार समीक्षा एवं विस्तृत चर्चा की गई तथा जिला कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम द्वारा तकनीकि समस्या से संबंधित प्रकरणों पर आवष्यक सुझाव एवं निराकरण हेतु आवष्यक दिषा निर्देष दिये गये। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एसएल मरकाम, सहायक कोषालय अधिकारी संगीता कावड़े, खनिज अधिकारी बीके चन्द्राकर, षिक्षा विभाग के सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अब तक जिले में 551.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 अगस्त।** चालू मानसून के दौरान कांकेर जिले में 01 जून से अब तक 551.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीती रात से जिले के सभी तहसीलों में व्यापक वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा भानुप्रतापपुर तहसील में 408 मिली मीटर और सबसे कम वर्षा 9.2 मिली मीटर नरहरपुर तहसील में दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 04 अगस्त की स्थिति में कांकेर में 10.1 मिली मीटर, दुर्गूकोंदल 23.7 मिली मीटर, चारामा तहसील में 18.6 अंतागढ़ में 19.5 मिली मीटर, पखांजूर तहसील में 14.1 मिली मीट और सरोना तहसील में 12.1 मिली मीटर औसत वर्षा अब तक दर्ज की गई है।

## एक नजर

### स्कूली बच्चों के शत-प्रतिशत जाति प्रमाण-पत्र बनाना सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**महासमुंद,5 अगस्त।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक में पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा भेंट मुलाकात के दौरान किए गए घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति बनाकर 15 अगस्त के पूर्व टेंडर जारी करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग घोषणाओं की स्थिति के अनुसार बजट स्वीकृति कराकर उसे शीघ्रता से पूर्ण करने का प्रयास करें। कलेक्टर श्री मलिक ने खाद्य अधिकारी एवं सहायक आयुक्त को सभी रिक्तियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आदिवासी विभाग को विशेष पिछड़ी जनजातियों की भर्ती प्रक्रिया को भी जल्दी ही जारी करने के निर्देश दिए।खाद्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस सिलेण्डर का उपयोग करते हुए खाना पकाया जाए। चूल्हे का उपयोग बंद हो। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 70 आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस सिलेण्डर उपलब्ध नहीं है। इसी तरह समीक्षा में आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि 51 केन्द्रों में विद्युत की व्यवस्था हो गई है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा एवं निर्भय साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली हेमन्त नन्दनवार, उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले, नेहा भेड़िया सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर मलिक ने सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए वंशावली के अनुसार ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरलीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### रीपा से जुड़कर ऐश कुमारी और ममता पाव के जीवन में आया बदलाव

**रायगढ़, 5 अगस्त।** राज्य शासन द्वारा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से रीपा योजना प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत जिले के विभिन्न ब्लॉकों में व्यवसाय एवं लघु उद्योगों को प्राथमिकता के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा रीपा में संचालित गतिविधियों की मॉनिटरिंग के साथ लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि रीपा में अधिक से अधिक गतिविधियां संचालित होने के साथ स्थानीय रोजगार सृजित हो सके। यही कारण है आज जिले के विभिन्न ब्लॉक में रीपा स्थापित होने से व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ी है। जिससे ग्रामीणों के साथ ही शिक्षित युवतियां एवं महिलाओं की भागीदारी देखी जा रही हैं और वे आर्थिक रुप से सशक्त हो रहे हैं। रीपा योजना किस तरह से रोजगार मूलक कार्यों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है, इसकी एक बानगी विकासखंड घरघोड़ा के बैहामुड़ा में स्थित रीपा में देखने को मिली। रीपा रोजगार मूलक कार्यों के साथ उद्यमी सृजित करने का कार्य कर रही है, जिसका उदाहरण हैं ऐश कुमारी राठिया है। जिन्होंने स्नातक और डीसीए की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात रीपा में स्वयं का सीएससी सेंटर के माध्यम से अपना व्यवसाय प्रारंभ कर चुकी हैं। वह ऑनलाइन फार्म, आधार से पैसा निकासी, फोटो कापी, टाइपिंग, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफी जैसे कार्यों के साथ वर्तमान में अपने काम को विस्तार देते हुए वर्तमान में कियोस्क शाखा प्रारंभ करने की कार्ययोजना पर कार्य कर रही हैं ।

### 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद, 5 अगस्त।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 7 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इन सभी की मृत्यु पानी में डूबने से हुई थी। इनमें विकासखण्ड महासमुंद के ग्राम बांसकुड़ा की मृतिका रामबाई, ग्राम सिनोधा की मृतिका चैतीबाई के निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम रैताल के मृतक उदेराम पटेल, ग्राम सुखरीडबरी के मृतक भूवेदव चक्रधारी एवं पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम घोघरा के मृतक केशव, ग्राम सुईनारा की मृतिका वीणा चक्रधारी तथा बसना विकासखण्ड के ग्राम गुढ़ियारी के मृतक नीलकुमार के निकटतम वारिसान के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कोविड-19 से मृत व्यक्ति के परिजन के लिए 50 हजार की सहायता

**महासमुंद, 5 अगस्त।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत गठित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुमोदन पश्चात कलेक्टर प्रभात मलिक ने वैश्विक महामारी कोविड-19 से मृत व्यक्ति के परिजन/आश्रित के लिए अनुदान सहायता राशि स्वीकृत किए है। इनमें जिला मुख्यालय महासमुंद के वार्ड नम्बर 7 नयापारा के मृतक शादाब अली की पत्नी आफरीन बानो के लिए 50 हजार रुपए की अनुदान सहायता राशि स्वीकृति की गई है।

### मृतक के परिजन को 25 हजार की सहायता राशि मंजूर

**महासमुंद, 5 अगस्त।** सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त प्रभात मलिक ने स्वीकृत की है। इनमें बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम दारगांव निवासी देव कुमार की मृत्यु सड़क दुर्घटना में माह सितम्बर 2020 को होने पर उनके पिता श्यामलाल विश्वकर्मा के लिए 25 हजार रुपए की राशि मंजूर की गई है।

मुख्य मार्गों पर पशुओं का जमावड़ा हुआ तो जिम्मेदारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई

# आवारा पशुओं से खरीफ फसल की सुरक्षा के लिए गांव-गांव में रोका-छेका अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम (फिंगेश्वर),5 अगस्त।** आवारा पशुओं को सड़कों पर जमावड़ा होने से राहगीरों को आने जाने में काफी समस्या होता है तो कभी अचानक इधर उधर आ जाने से या फिर आपस में लड़ाई करते करते मोटरसाइकिल वाले के साथ दुर्घटना होना आम बात हो गई है जिसको ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा सभी ग्रामों में गौठान का निर्माण किया गया है जहां पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था के साथ गोबर खरीदी का कार्य किया जा रहा है और उन्हीं गोबर से जैविक खाद तैयार किया जा रहा है जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि

ग्राम पंचायतों में गौठानो का निर्माण किया गया है ताकि पशुओं का संरक्षण एवं संवर्धन किया जा सके। इसके साथ ही गोधन न्याय योजना के माध्यम से गौठानो में गोबर की खरीदी की जा रही है ताकि पशुपालकों को आमदनी होती रहे वर्तमान में पशुओं से किसानों की खरीफ फसल की सुरक्षा के लिए गांव-गांव में रोका छेका चलाए जाने निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद भी मुख्य मार्गो पर मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इस को ध्यान में रखते हुए जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ अजय पटेल ने विकासखंड के सभी 72 ग्राम पंचायतों को गौठान में निरीक्षण करते हुए मवेशियों को निर्धारित समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी अगर मवेशी मुख्य मार्ग पर आ गए तो संबंधित जिम्मेदार होगा और उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। अजय पटेल ने बताया कि मुख्य मार्गो पर मवेशियों के इकठ्ठा या बैठे रहने के कारण आम लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है एक और यातायात बेहद प्रभावित होता है। तो वहीं तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गो से लगी हुई गौठानो में मवेशियों को नियमित रूप से निर्धारित समय पर पहुंचाया जाए। गौठानो में मवेशियों के पहुंचने की सतत रूप से मानिटरिंग ग्राम पंचायत सचिव के साथ ही गौठान नोडल अधिकारी भी करें। यह सभी की जिम्मेदारी बनती है कि मवेशी सड़कों पर बैठे बल्कि उन्हें गौठानो में पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। प्रतिदिन गौठानो में चरवाहे के माध्यम से गांव के सभी मवेशियों को गौठान में भेजने के लिए मुनादी कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी की जागरूकता से ही सड़कों पर मवेशियों के बैठने इकट्ठा रहने पर रोक लग सकेगी और मुख्य मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सकेगी। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को गौठानो में मवेशियों को निर्धारित समय तक रखने की साथ ही यह भी ध्यान रखने कहा कि मवेशी मुख्य मार्ग में इकट्ठा या बैठे ना रहे, इसकी सतत निगरानी के बावजूद अगर कहीं पर मुख्य मार्ग पर मवेशी का एकत्रित बैठे पाए जाते हैं तो संबंधित सचिव के खिलाफ जिम्मेदारी तय करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर नपा उपाध्यक्ष ने कराया मुंह मीठा

**महासमुंद, 5 अगस्त।** मोदी सरनेम केस के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए राहुल की सजा पर रोक लगाई है। जज ने राहुल गांधी को राहत देते हुए कहा, हम सेशंस कोर्ट में अपील लंबित रहने तक राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने पर कांग्रेसियों में हर्ष है। नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा, यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है। सत्यमेव जयते-जय हिंद। वहीं नपाउपाध्यक्ष ने आए इस फैलसे से खुश होते ही सभी को कांग्रेस भवन में व आसपास मुहं मीठा कराया और सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव में जाकर राहुल गांधी के लिए मुख समृद्धि, स्वास्थ्य व आने वाले लोकसभा चुनाव में विजयी होने की कामना की। वहीं उन्होंने कहा कि आज का दिन कांग्रेसियों को लिए बड़ा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई को कोई नहीं हरा सकता। इस दौरान अमर चंद्राकर, नितेन्द्र बनर्जी, राजेश नेताम, लक्ष्मी देवांगन, राजेन्द्र कौशिक, तनमय चंद्राकर, वॉसु सिन्हा, बिललू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## किसान नेता तेजराम विद्रोही अपने 200 साथियों के साथ जुड़ेंगे आप से

■ **प्रदेश सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया का आगमन 6 अगस्त को राजिम में होगा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,5 अगस्त।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब के बाद पूरे देश मे अपना पैर पसारना शुरू कर दिया है और इसके लिए वे राज्यों में ऐसे स्वकच्छ छवि वाले व्यक्तियों को अपने साथ ला रहे हैं जो जन आंदोलनों व किसान आंदोलनों के माध्यम से जमीनी स्तर पर जुड़े हुए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता रणजीत सिंह चीमा जल मिशन बोर्ड पंजाब, गुरुदेव सिंह, सुरेन्दर सिंह सहित छत्तीसगढ़ के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी तेजराम विद्रोही से लगातार संपर्क में थे परिणाम स्वरूप तेजराम विद्रोही ने आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया विधायक पंजाब के उपस्थिति में मदन लाल साहू, उत्तम कुमार साहू, जहुरराम साहू, पवन कुमार साहू, ललित कुमार साहू, रेखुराम साहू, मोहन लाल साहू, मनोज कुमार साहू, नंदू ध्रुव, सोमन यादव, होरीलाल साहू सहित 200 साथियों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी के गरियाबंद जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती रामबाई दिवान, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रुद्रसेन सिन्हा, गरियाबंद ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण यादव, पांडुका ब्लॉक अध्यक्ष सेवाराम साहू, छुरा ब्लॉक अध्यक्ष चमन यादव , राजिम सर्किल प्रभारी लोकेश साहू, अरविंद शर्मा, राजा ठाकुर ने उपरोक्त जानकारी देते हुए कहा कि तेजराम विद्रोही के आने से गरियाबंद जिला के हमारे सभी पार्टी साथी बहुत उत्साहित हैं जिसके लिए *6 अगस्त दिन रविवार को पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक राजिम में दोपहर 12 बजे भव्य रूप से प्रवेश कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है इस कार्यक्रम में प्रदेश सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया विधायक पंजाब के साथ साथ राज्य एवं महासमुंद लोक सभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### राखी:डाक पोस्ट के लिए पीले रंग की पेटी का करें प्रयोग

**रायगढ़, 5 अगस्त।** डाक विभाग द्वारा 31 अगस्त 2023 तक राखी डाक पोस्ट किये जाने हेतु पीले रंग की विशेष पत्र पेटियां रायगढ़ चक्रधरनगर, सदर बाजार उपडाकघर, सत्तीगुडी चौक एवं चक्रधरनगर चौक पर लगाई गई है। इसी प्रकार से जशपुरनगर में दिवाली मेल्स हेतु 3 विभिन्न जगहों पर पीले रंग की पत्र पेटियां लगाई गई है। जनसामान्य अपना राखी डाक पीले रंग के विशेष पत्र पेटी में ही डाले। रायगढ़ प्रधान डाकघर एवं जशपुरनगर उपडाकघर में निर्धारित काउंटर पर ही राखी डाक प्रेषण हेतु स्वीकार करने की व्यवस्था की गई है। राखी डाक के लिफाफे में पाने वाले का पूर्ण पता पिनकोड सहित स्पष्ट व साफ अक्षरों में लिखें ताकि डाक का शीघ्र निपटान किया जा सके।

### सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय विज्ञान मेला

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन शास्त्र के ज्ञाता एवं महान वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर एक दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में उपस्थित घनश्याम यदु स्वामी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अध्यक्षता गुप्तेश कुमार आचार्य, विशेष अतिथि महेश चंद्राकर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सदस्य विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता एवं आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि घनश्याम यदु ने अपने उदबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ-साथ छात्र छात्राओं के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुप्तेश कुमार आचार्य ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए तीन चीज नींद गुस्सा भूख का त्याग कर देना चाहिए, जो इस पर काबू पा लिया अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

## पीआईसी के सदस्यों का इस्तीफा अस्वीकृत:राकेश



**महासमुंद,5 अगस्त।** नगर पंचायत तुमगांव के कर्मचारी-अधिकारी के सही ढंग से जनहित के कार्यो को नहीं लेने गंभीरता से सभापतियों के आदेशों को नहीं मानने के मुद्दे पर विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के पांच पीआईसी के सदस्यों ने नाराजगी दिखाते हुए पीआईसी पदभार से मुक्त करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पदभार सौंपा। इस विषय पर गंभीर मंत्रणा करते हुए अध्यक्ष एवं पीआईसी के सदस्यों के बीच सहमति बनी। साथ ही व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए कुछ कर्मचारियों को विभाग से परिवर्तन करने का निर्णय हुआ। नगर पंचायत में सभी कार्यों का सुचारू और त्वरित संचालन के लिए आम सहमति से मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आगामी कार्यादेश के परिपालन करते हुए सभापतियों के मंशानुरूप कार्य करने के लिए निर्देश किया और नगर विकास के अनेक कार्यों पर चर्चा हुई। और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में जनहित के सभी कार्यों को समय पर करने के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आदेश दिया। अध्यक्ष ने सभी पीआईसी सदस्यों के आवेदन को अस्वीकृत किया।

## आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन जैसे आवासीय संस्थाओं की व्यवस्था को सुधारने कलेक्टर ने ली बैठक

### आवासीय संस्थाओं में बच्चे मोबाइल न रखें इसका कड़ाई से पालन हो:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**बीजापुर 5 अगस्त ।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला कार्यालय में जिले के समस्त आवासीय संस्थान आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन के अधीक्षक, प्रभारी, नर्स एवं मंडल संयोजक का संयुक्त रूप से बैठक लेकर संस्थाओं में आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मोबाईल फोन के उपयोग से बच्चों को बचाएं और संस्थाओं में बच्चे मोबाईल लेकर न आए इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए अगर बच्चों को अपने पालकों से या किसी आवश्यक कारणों से संपर्क करना है तो अधीक्षक के मोबाईल का उपयोग करें। आवासीय संस्थाओं मे पदस्थ कर्मचारी अधीक्षक, भृत्य एवं चौकीदार संस्था में अनिवार्य रूप से रहे, संस्थाओं में बुनियादी सुविधाओं , दैनिक जरूरतों के समान की उपलब्धता पर्याप्त रूप से रखने के निर्देश दिए। बारिश के मौसम को मद्देनजर रखते हुए संक्रामक बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार समुचित ढंग से करने नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच हो। वहीं दवाईयों का पर्याप्त स्टाक रखने एवं एक्सपायरी दवाईयों को डिस्पोज करने के निर्देश दिए। बच्चों को अनुकूल वातावरण प्रदान करने सभी आवश्यक उपाय अमल में लाने के निर्देश दिए। बच्चों में सामूहित गतिविधियों एवं सामूहिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कराएं ताकि एक दूसरे की मदद के लिए बच्चे तत्पर रहे। आश्रम, पोटाकेबिन, छात्रावास की समस्त गतिविधियों से उनके पालकों को अवगत कराए। बच्चों का मलेरिया जांच, मच्छरदानी का नियमित उपयोग, परिसर के खाली जगहो पर किचन गार्डन बनाने, साग-सब्जी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल, जिला परियोजना समन्वय समग्र शिक्षा श्री विजेन्द्र राठौर उपस्थित थे।

### घुटनों के जटिल रोग से पीड़ित सोमा पालो को आयुर्वेद से मिली निजात



**बीजापुर, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुर्वेद पद्धति से जिले के चिकित्सकों द्वारा बेहतर उपचार करके जटिल से जटिल रोगो से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिससे लोगो में आयुर्वेद पद्धति से ईलाज कराने के प्रति रूझान देखने को मिल रहा है। ऐसे ही भैरमगढ़ ब्लाक के बेदरे निवासी मरीज श्री सोमा पालो को आयुर्वेद से लाभ हुआ श्री सोमा पालो बताते हैं कि 02 वर्षो से घुटनों में दर्द, सूजन (वातरोग) से ग्रसित था जगदलपुर के बड़े-बड़े डाक्टरों से ईलाज करने के बाद भी आराम नही मिला यहां तक डाक्टरों ने मुझे घुटनों का आपरेशन कराने का भी सलाह दे दिया फिर मुझे मेरे जान-पहचान के लोगो ने आयुर्वेद पद्धति से ईलाज कराने की सलाह दी फिर मैने आयुष प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू के डा. अरविंद आचार्य द्वारा ईलाज करवाया ईलाज के दौरान मुझे वातान्तक टेबलेट, योगराज, गुग्गूलू एकांगवीर रस अर्थोबीन टेबलेट, लाक्षायदि गुग्गूलू, अर्थोबीन सीरप एवं नारायण तेल को दिया गया। डाक्टर के सलाह पर नियमित दवाईयों का सेवन और मालिश से मुझे स्वास्थ्य लाभ मिला जिसके लिए मै कुटरू के अस्पताल के डाक्टर एवं सभी स्टाफ का सदैव आभारी रहूँगा।

## समाचार संक्षेप

### जनमिलिशिया कमाण्डर, डीएकेएमएस व आरपीसी संघम सदस्यों का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण



**बीजापुर, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत जनमिलिशिया कमाण्डर सन्नू पूनेम उर्फ रमेश पिता मासा पूनेम उम्र 35 वर्ष निवासी टोटापारा बुरजी थाना गंगालूर, आरपीसी बुरजी डीएकेएमएस सदस्य सोनू पूनेम पिता मासा पूनेम उम्र 44 वर्ष जाति मुरिया साकिन टोटापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर एवं आरपीसी पुसनार संघम सदस्य आयतु पूनेम पिता पाण्डू पूनेम उम्र 49 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 04/08/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, उप पुलिस अधीक्षक आप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री तुलसी राम लेकाम के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।

सन्नू पूनेम ऊर्फ रमेश पिता मासा, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2003 में गंगालूर एरिया कमेटी मे बुरजी संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ । वर्ष 2004 में गंगालूर एरिया कमेटी में डीएकेएमएस सदस्य के पद पर संगठन का कार्य दिया गया । वर्ष 2005 में नैमेड़ जनमिलिशिया कमाण्डर के पर पर पदोन्नत किया गया । सन्नू पूनेम के विरूद्ध थाना गंगालूर में हत्या, हत्या का प्रयास, बल्वा, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में 07 स्थाई वांरट लंबित है । महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल-वर्ष 2005 में थाना गंगालूर अंतर्गत राहत शिविर पर हमलावर्ष 2005 में एनएमडीसी से विस्फोटक जिलेटीन 20 बोरी लूट की घटना में शामिल वर्ष 2006 में सलवा जुडुम कार्यकर्ता बुधराम राण की हत्या में शामिलवर्ष 2019 में गंगालूर साप्ताहिक बाजार पोटाकेबिन के पास आईईडी लगाने की घटना में शामिल वर्ष 2019 पुसनार बेरूदी नदी के पास आईईउी ब्लास्ट एवं फायरिंग की घटना में शामिल सोनू पूनेम पिता मासा पूनेम, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 1997 में गंगालूर एरिया कमेटी में बुरजी संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती किया गया । वर्ष 1998 में आरपीसी बुरजी डीएकेएमएस सदस्य का कार्य दिया गया । सोनू पूनेम के विरूद्ध थाना गंगालूर में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, बल्वा, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में 06 स्थाई वांरट लंबित है ।

महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल -वर्ष 2009 में तोड़का नाला के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल, घटना में 01 एसपीओ घायल वर्ष 2009 में कोरचोली के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल घटना में घटना में 06 जवान घायलवर्ष 2010 में गंगालूर बददेपारा में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल

आयतु पूनेम पिता पाण्डू पूनेम , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 11995 में गंगालूर एरिया कमेटी में पुसनार संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती किया गया । वर्ष 1995 से 1997 तक पुसनार संघम सदस्य के पद पर संगठन में कार्य किया । वर्ष 1998 में डीएकेएमएस सदस्य का कार्य दिया गया। आयतु पूनेम के विरूद्ध थाना गंगालूर में हत्या, हत्या का प्रयास, बल्वा, शासकीय कार्य में बाधा, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में 09 स्थाई वांरट लंबित है ।

महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल -वर्ष 1998 में पीड़िया में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल -वर्ष 1998 में कमकानार मतदान केन्द्र लूट की घटना में शामिलवर्ष 1998 में पुसनार मतदान केन्द्र पर फायरिंग एवं विस्फोट करने की घटना में शामिलवर्ष 2002 में पुसनार पंचायत भवन में तोड़फोड़ एवं लूट की घटना में शामिल वर्ष 2009 में तोड़का नाला के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल, घटना में 01 एसपीओ घायल वर्ष 2010 में पुसनार बोरजे पारा से वापसी के समय पुलिस और माओवादियों के साथ मुठभेड़ की घटना में शामिल

### बीजापुर एवं सुकमा के सीमावर्ती क्षेत्र मोकुर गोलाकोण्डा की पहाड़ी से आईईडी बरामद

**बीजापुर, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 04/08/2023 को 210 कोबरा बटालियन की टीम दिलीप पोस्ट (मोकुर), थाना-जगरगुन्ड़ा , जिला-सुकुमा से गोला कोण्ड़ा पहाड़ी की ओर एरिया डोमिनेशन ड्यूटी पर निकले थे । माओवादियो के द्वारा सुरक्षा बल को हानि पहुचाने के नीयत से 02 ढ्वश्वष्ठ सीरिज में लगाये थे । 210 कोबरा की टीम ने को आईईडी बरामद करने में सफलता मिली । कोबरा 210 की बम निरोधक दस्ता द्वारा ढ्वश्वष्ठ को मौके पर निष्क्रिय किया गया आईईडी गोल कोण्डा के पहाड़ी क्षेत्र में लगाया गया था जिससे आम नागरिक, मवेशी य जंगली जानवर भी इसकी चपेट में आ सकते थे । सुरक्षा बल की सतर्कता एवं सुझबुझ से माओवादियों के मंसूबो को विफल करने में सफलता मिली । यह ढ्वश्वष्ठ सीरिज में 50 मीटर के अन्दर लगाई गई थी जिसमें 02 ढ्वश्वष्ठ थे ,जिसे स्टील के कैन्टेनर में रखा गया था, जो लगभग 04 -04+किग्रा0 के थे एवं कमांड व प्रैशर मैकेनिजम से संचालित होने वाले थे।



### जोगी कांग्रेस के छः लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



**बीजापुर, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर भाजपा का मंडल बैठक अटल सदन बीजापुर में आहूत की गई थी,बैठक में मंडल कार्यकारिणी व बीएलए 2 पदाधिकारी विशेष रूप से अपेक्षित रहे। आज के मंडल बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय श्रीनिवास मुदलियार जी ने विशेष मार्गदर्शन दिए एंव मंचासीन पदाधिकारी गोपाल पवार जी,जिलाराम राना जी, फूलचंद गागड़ा जी,नंदू राना जी,हरिहर साहनी जी, उर्मिला तोकल जी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

मंडल बैठक के पश्चात भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर जोगी कॉग्रेस के छः कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया जिनका संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी ने भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया। प्रवेश करने वालों में महेश पायाम,रविन्द्र दुर्गम,देवचंद मंडावी,अर्जुन गडेम,मुत्ता पुलसे,श्रीकांत बदाम थे।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक राव जी ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री शेखर जुमार जी व आभार व्यक्त मंडल महामंत्री सुरेश परतागिरी जी ने किया। आज के इस मंडल बैठक में मैथियस कुजूर,प्रताप यादव,के.जी.सुधाकर, संदीप तेलम,टमल साहनी,रामनाथ मांझी,संतोष पुजारी,मंगू हेमला, श्रीनिवास कटला,रंजना उद्दे ,पूजा पोंन्दी,संगीता दासर,नंदनी यादव,हरीश बेलसरिया,विष्णु साहू,बाबू स्वामी जी,मिथलेश नाग अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मौसम साफ होते ही शिव महापुराण सुनने वालों की उमड़ी भीड़

एक नजर

## कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को सतानंद टंडन सा. छुईया रैयतवारी थाना उपस्थित आकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपना मो.सा. आई स्मार्ट स्प्लेण्डर मो.सा. सीजी 22 एबी 7052 को चलाने हेतु गोपीचंद कोरी निवासी पीतल कारखाना के पास गौरवपथ बलौदाबाजार को दिया था, जो अपने घर के सामने गली में 17 जुलाई की रात्रि 9.15 बजे खड़ी कर घर अंदर में था। करीब 10.50 बजे देखा तो मो.सा. वहां पर नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आज दिनांक 04.08.2023 को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि खोरसीनाला देवारपारा बलौदाबाजार निवासी विजय कुमार जो मोटर सायकल बदल बदल कर घुमते दिखाई देता है कि सूचना पर संदेही विजय कुमार भारती को तलब कर घटना के सम्बंध में पूछताछ किया गया, जो घटना कारित करना स्वीकार करते बताया कि, कबाड़ बीनने बलौदाबाजार पीतल कारखाना तरफआने-जाने दौरान एक घर के सामने एक आई स्मार्ट स्प्लेण्डर मो.सा. सीजी 22 एबी 7052 को खड़ा देखा था। उसी समय मो.सा. को चोरी करने का प्लान बनाया और दिनांक 17.07.2023 के रात्रि में वह पैदल पीतल कारखाना के पास गौरव पथ गया और घर के सामन खड़ी आई स्मार्ट स्पलेण्डर मो.सा. सीजी 22 एबी 7052 को चोरी कर अपने घर खोरसीनाला देवारपारा बलौदाबाजार ले गया और उसके नम्बर को पेंट लगाकर 5 को 6 एवं 2 को 8 बनाकर उपयोग कर रहा है। एक माह पूर्व गिधौरी से एक सफेद रंग की एक्टीवा स्कुटी तथा दिनांक 27.07.2023 को भाटापारा से एक लाल रंग का एच.एफडिलक्स मो.सा. क्र. सीजी 10 ई.एफ.7726 एवं चोरी किया करना एवं तीनो गाड़ी को अपने घर खोरसीनाला देवारपारा में छिपा कर रखना बताया।

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामला, कलेक्टर ने ग्रामीण स्वास्थ्य सयोजक को किया बर्खास्त

**बलौदाबाजार, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नोकरी हासिल करने वाली ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के रूप में विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र कोहरौद में पदस्थ कु धनेश्वरी को बर्खास्त कर दिया गया है। उक्त सम्बंध में जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ महिस्वर ने आदेश जारी की है। डॉ महिस्वर ने कार्रवाई के सम्बंध के विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर, छ.ग. के आदेश कं. / सीधी भर्ती / 2011 /1023 / रायपुर, दिनांक 30.12.2011 में दर्शित स.कं. 45 के अनुसार, कु. धनेश्वरी पिता स्व. राम प्रवेश, की जिला स्तरीय नियुक्ति, आरक्षित संवर्ग (अनुसूचित जाति) से बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के पद पर उप स्वा. केन्द्र कोहरौद, वर्तमान जिला बलौदाबाजार में हुई थी। आदेश के पालन में संबंधित द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी बलौदाबाजार को 7जनवरी .2012 को अपनी उपस्थिति दी गई। नियुक्ति आदेश में निहित सेवा शर्त के बिन्दु 8 के अनुसार कु. धनेश्वरी को उनके स्वयं के प्रथम उपस्थिति दिनांक से दो माह के अंदर उच्च स्तरीय छानबीन समिति से जाति प्रमाण पत्र सत्यापन उपरांत विभाग में प्रस्तुत किया जाना था, परंतु आज पर्यंत तक कु. धनेश्वरी द्वारा उक्त सेवा शर्त का पालन नहीं किया गया। इस संबंध में कु. धनेश्वरी को खण्ड चिकित्सा अधिकारी बलौदाबाजार के माध्यम से पत्र दिनांक 21 अगस्त 2015 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि सेवा शर्त कं. 8 का पालन करते हुये सत्यापित जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। पत्र के प्रति उत्तर में उचित माध्यम से आपके द्वारा यह अवगत कराया गया कि शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय छानबीन समिति समाप्त हो गई है, यदि पुनः समिति का गठन होता है तो वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करूंगी, परंतु आपके द्वारा विभागीय निर्देश का पालन नहीं किया गया।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 अगस्त।** तिल्दा-नेवरा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा का हो रहा। मौसम साफ होते ही शिव पुराण सुनने लाखों की भीड़ से आयोजन का पांचवे दिन की रात बारिश रुकने के बाद भारी भीड़ उमड़ रही है।

कथा में प्रदीप मिस्त्रा ने भक्तो से कहा कीमटका नल के नीचे रखा, अगर नल से बूंद बूंद भी आ रही है, फिर भी मटका भरेगा जरुर। लेकिन उलटा होगा, तो भीगेगा जरुर भरेगा नही और थोड़ी देर में सूख जायेगा। ग्यान भी जब तक अंदर नहीं जायेगा, मतलब वचनो का अमल नहीं होगा, तब तक फायदा नहीं। कथा सुना, उस वक्त अच्छा लगा हम भीगे, फिर बाहर आये तो माया के ताप से सूख गये। कथा सुनकर वचनो कोअमल में ला कर, खुद को थरमस बना दो, जिस में ठंडा या गरम रखते हैं, वो वैसा ही रहता है। मन शांत और शीतल होगा, थरमस रुपी संकल्प की दीवार होगी तो बाहर के माया रुपी तापमान से कोइ फर्क नहीं पड़ेगा। कथा कार ने बताया की।

मटका नल के नीचे रखा, अगर नल से बूंद बूंद भी आ रही है, फिर भी मटका भरेगा जरुर। लेकिन उलटा होगा, तो भीगेगा जरुर भरेगा नही और थोड़ी देर में सूख जायेगा। ग्यान भी जब तक अंदर नहीं जायेगा, मतलब वचनो का अमल नहीं होगा, तब तक फायदा नहीं। कथा सुना, उस वक्त अच्छा लगा हम भीगे, फिर बाहर आये तो माया के ताप से सूख गये। कथा सुनकर वचनो कोअमल में ला कर, खुद को थरमस बना दो, जिस में ठंडा या गरम रखते हैं, वो वैसा ही रहता है। मन शांत और शीतल होगा, थरमस रुपी संकल्प की दीवार होगी तो बाहर के माया रुपी तापमान से कोइ फर्क नहीं पड़ेगा।

कथा स्थल में लाखो की संख्या में भक्तजन का हो रहा रहना खाना 31जुलाई से ही हजारों की संख्या में भक्तजन कथा स्थल पर पहुंचे हुवे है जो पूरे सातों दिन आयोजन स्थल में ही रह रहे है रहेंगे कुछ लोगो का कहां है की हमे तो घर जाने का मन ही नही करता है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मी 31 जुलाई से अपनी ड्यूटी दे रहे हैं । सुरक्षा में पुलिस अनुविभाग अधिकारी सहित अनेक अधिकारी लगे है। गांव गांव से भिड़ का रेला आज सुबह से लगा है।



स्वामी आत्मानंद स्कूल में फर्जी अंकसूची व स्थानांतरण प्रमाण पत्र से दाखिला कराने का मामला

# आरोपी पालक पुलिस गिरफ्त में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुहेला, 5 अगस्त।** 10 फरवरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुहेला के प्राचार्य दानेश्वर प्रसाद कोशले द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर साथ में जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा द्वारा उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट संलग्न कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नवीन वर्मा पिता मनहरण वर्मा निवासी सुहेला द्वारा अपने पाल्य का कक्षा 4 थी में प्रवेश दिलाने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खरोरा का कक्षा 3री का अंकसूची एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र 1 सितम्रब 2022 को प्रस्तुत कर भर्ती कराया है, कि रिपोर्ट पर नवीन वर्मा पिता मनहरण वर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी सुहेला एवं अन्य के खिलाफ अपराध क्रमांक 33/2023 धारा 420, 471, 34 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया, हालत पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठपुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा बलौदाबाजार को अवगत कराने पर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक नकुल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आरोपी का पता तलाश की जा रही थी, आरोपी नवीन वर्मा घटना दिनांक से सकुनत से फरार था, जिसे पतासाजी कर 4 अगस्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर मेमोरंडम कथन लिया गया जिन्होंने अपने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खरोरा के प्राचार्य एवं कक्षा 3री के क्लास टीचर के साथ मिलकर 12000 रुपये में 3री का अंकसूची और टीसी बनवाकर आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सुहेला में अपनी पाल्य का प्रवेश कराना बताने पर मामले में धारा 467, 468 आईपीसी जोड़ी जाकर आरोपी नवीन वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु मान.छुरूरष्ट न्यायालय सिमगा में पेश किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी प्राचार्य, और टीचर की पता तलाश जारी है। प्रकरण के आरोपी नवीन वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने में सुहेला थाना प्रभारी निरीक्षक नकुल सिंह ठाकुर, स.उ.नि. पवन सिन्हा, माधो प्रसाद साहू, प्रआर दिलीप टोप्पो, संजय सोनी, आरक्षक सुरेश वर्मा, दिनेश चंद्रवंशी, भूपेंद्र वर्मा की विशेष भूमिका रही।



## गिधौरी पुलिस ने सटोरियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गिधौरी बस स्टैंड के पास सट्टा खेलाने वाले विक्रम बंजारे उर्फ बाबा पिता मनहण लाल बंजारे उम्र 26 साल निवासी गिधौरी के कब्जे से नगदी 4450 रूपया, दो नग सट्टा पट्टी एवं एक डाट पेन तथा आरोपी उमेश साहू पिता दुजेराम साहू उम्र 29 साल साकिन लाहोद थाना लवन हाल ग्राम गिधौरी के कब्जे से नगदी 800 रूपया एक नग सट्टा पट्टी तथा एक नग डाट पेन जप्त कर आरोपीयो के विरूद्ध धारा 4क जुआ एक्ट, 6 छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया संपूर्ण कार्यवाही मे प्रधान आरक्षक पीलाराम घृतलहरे, आरक्षक रामलाल कैवर्त्य, गोपाल देवांगन, सुखदेव घृतलहरे का विशेष योगदान रहा।



समाचार संक्षेप

## कचना धुर्वा महाविद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**छुरा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिलाधीश के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के तारतम्य में समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं पुनीत ठाकुर के द्वारा शासकीय कचना धुर्वा महाविद्यालय एवं निजी कचना धुर्वा महाविद्यालय दोनों महाविद्यालय में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया मार्गदर्शन एसडीएम भूपेंद्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम एल वर्मा के द्वारा दिया जा रहा है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय चरण, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023, 2अगस्त से प्रारंभ हो चुका है।जोकि 31 अगस्त 2023 तक चलेगा जिसमें नए मतदाता जोड़ने का काम, मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाया जा सकता है, गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है, दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाया जा सकता है, 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में यदि आप की उम्र है 18 वर्ष पूरी हो रही है तो नवीन मतदाता बनने हेतु फार्म 6 भरे अथवा अपने बीएलओ से संपर्क करें कलेक्टर महोदय का निर्देश है इस बार गरियाबंद जिला में 100त्न शत-प्रतिशत मतदान करना है 7कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डीआर साहू स्वीप कार्यक्रम प्रभारी मतदाता जागरूकता के संबंध में जानकारी दिया, डॉ .प्रोफेसर विनीत कुमार साहू राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्राध्यापक डीपी सिंह, सीपी सिंह, सुश्री रागनी ठाकुर, एवं गेस्ट प्राध्यापक गण तारिणी साहू, सुनीता गेहानी, मधु दुबे, नेहा निषाद, ज्योति साहू, वीरेंद्र नाग निजी महाविद्यालय से प्राध्यापक गण तरुण निर्मलकर, विनोद यादव, आर आर कुर्रे, निर्मला यादव, आरती साहू, छात्र-छात्राएं रेशमा पल्लवी सोनिया प्रेमलता उषा केशराज मनोज कर्मचारी गण इस अभियान में उपस्थित थे।

## शिवरतन शर्मा ने गडकरी से भेंट कर रखी मार्गों के निर्माण के विषय में मांग



**छुरा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिल्ली प्रवास के दौरान उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग, जहाज रानी मंत्री नितिन गडकरी एवं भाजपा छत्तीसगढ़ पूर्व प्रभारी, आंध्रप्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी.पुरेन्देश्वरी से सौजन्य भेट कर छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ ही शिवरतन शर्मा ने नितिन गडकरी से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में रायपुर-बिलासपुर (राष्ट्रीय राजमार्ग) से भाटापारा 6लिमतरा8 हेतु सर्विस रोड निर्माण एवं केंद्रीय सड़क निधि से दो मार्गो के निर्माण के विषय मे आग्रह किया. जिसमें भाटापारा विधानसभा के राष्ट्रीय राजमार्ग नांदघाट सिमगा मार्ग से ग्राम बछेरा कामता, ओटगन तथा अवरेठी होते राष्ट्रीय राजमार्ग तक

**भाटापारा विधानसभा के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा से चक्रवाय मार्ग:** इस से पूर्व भी विधायक शिवरतन शर्मा की मांग पर विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत 138.01 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुका है जिसका कार्य प्रगति पर है। विधायक शिवरतन शर्मा के साथ पूर्व मंत्री, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, सांसद सुनील सोनी, सांसद गोमती साय, सांसद गुहाराम अजगले भी उपस्थित थे।

## राधेश्याम शर्मा ने विस चुनाव के लिए प्रस्तुत की अपनी दावेदारी



**भाटापारा, 5 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गजानंद महविद्यालय पूर्व अध्यक्ष, .ब्राह्मण समाज पूर्व अध्यक्ष, जिला परिवहन ट्रांसपोर्ट संघ ट्रक एसोसिएशन के सरंक्षक राधेश्याम शर्मा फगा ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु के समक्ष अपनी आगामी विधान सभा चुनाव की दावेदारी प्रस्तुत की, ज्ञात हो कि राधेश्याम शर्मा ने उप चुनाव के समय भी दावेदारी प्रस्तुत की थी। राधेश्याम शर्मा फगा नगर में अपने धार्मिक आयोजनों व अपनी मिलनसारिता के लिए पहचाने जाते हैं छोटे-बड़े सबसे उनका स्नेह पूर्ण स्वभाव उन्हें लोकप्रिय बनाता है समय-समय पर नगर की समस्याएं स्कूल, कॉलेज, रोड, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को उठाते रहे हैं। राधेश्याम शर्मा फगा महराज की दावेदारी से राजनीति जगत मे चर्चा के साथ उनकी दावेदारी से कार्यकर्ताओ में हर्ष है शर्मा हर वर्ग मे लोकप्रिय है अपने मिलनसार स्वभाव के चलते कांग्रेस पार्टी से उनकी दावेदारी को मजबूत माना जा रहा है।

# कृषि दुकानों पर कार्रवाई जारी 2 दुकान संचालकों को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुहेला, 5 अगस्त।** जिले में खरीफ 2023 अंतर्गत अद्यतन 93 प्रतिशत बोनी हो चुका है। इसके साथ ही किसान सहकारी समितियों के साथ-साथ निजी कृषि आदान विक्रय केंद्रों में उर्वरक तथा फसलों को किट एवं बीमारियों से बचाने के लिए कीटनाशक खरीदी करने पहुंच रहे हैं। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित दर पर कृषि आदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसको अमल कराने कृषि विभाग की कार्यवाही जारी है। कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर तथा जिला स्तर पर निरीक्षण दल तैयार कर लगातार कृषि आदान विक्रय केंद्रों में दबिश दी जा रही है। इसी कड़ी में कसडोल विकासखंड के कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा ग्राम रीकोकला के रूबी कृषि सेवा केंद्र में दबिश दी गई। विक्रय केंद्र के निरीक्षण में निर्धारित प्रारूप में बिल बुक नहीं पाया गया, साथ ही स्कंध पंजी संधारित नहीं किया गया था न हीं उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित किया गया था। इसी प्रकार विकासखंड सिमगा के कीटनाशक निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ग्राम कामता के योगेश कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में विक्रय केंद्र में स्कंध पंजी नहीं पाया गया इससे स्पष्ट हो रहा है कि विक्रय केंद्रों का शासन द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए विक्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। दोनों विक्रय केंद्रों को कड़ी चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब प्राप्त होने के पश्चात आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला के उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा जिले के समस्त विकास खंडों में पदस्थ कीटनाशक, उर्वरक एवं बीज निरीक्षकों को लगातार अपने क्षेत्र का निगरानी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तथा किसी भी प्रकार का अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं तथा कृषकों को भी सतर्क रहने तथा आवश्यकता अनुसार कृषि आदान क्रय करने की अपील की गई है।



30 से अधिक युवाओं को मौके पर मिला रोजगार, कलेक्टर ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

# कौशल उन्नयन से ही होता है व्यक्तित्व निर्माणः चंदन कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अगस्त।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 32 आवेदकों को मौके पर ही कलेक्टर चंदन कुमार ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिससे क्षेत्र के युवाओं में हर्ष का माहौल है।

मेले में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 8 सौ आठ रिक्त पदों की अधिसूचना प्राप्त हुआ था। प्राप्त पदों के लिए 5 सौ 66 आवेदकों ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिसमें से 2 सौ 92 आवेदकों को प्राथमिक चयन किया गया है। रोजगार मेले से लाभान्वित लवन निवासी सागर कुमार निराला ने बताया कि मुझे बॉम्बे इंटेलिजेंस सेक्युरिटी इंडिया लिमिटेड में नौकरी का ऑफर मिला है। इसमें मुझे 10 हजार से 12 हजार रूपये वेतन मिलेगा। उन्होनें उक्त आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम पाटन निवासी माधुरी वर्मा को अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस द्वारा मार्केटिंग का जॉब प्रदान किया गया। उन्होनें ने भी रोजगार मेले के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि कौशल उन्नयन से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। अतः हम सभी लोगों को अपने रूचि अनुरूप कौशल उन्नयन में जोर देना चाहिए। इस तरह उन्होनें पहले नौकरी को पैसों के लिए न होकर अपने व्यक्तित्व निर्माण के रूप में देखना चाहिए। नौकरी के लिए यदि हमें कही दूर जाने की जरूरत पड़ती है तो निश्चित हमें जाना चाहिए, यह मेरा एक व्यक्तिगत अनुभव है। इससे व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं प्रबल होती है। उन्होनें सभी चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। कलेक्टर चंदन कुमार ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए रोजगार, कौशल विकास, ग्रामोद्योग, उद्योग एवं व्यापार विभाग को बधाई दिए। साथ ही कलेक्टर ने भविष्य में और अधिक रोजगार मेले आयोजन करने का आश्वासन दिए है। जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिले।

उक्त अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार एल के लाकरा, लाइवलीहुड कालेज प्रभारी अनिल कुमार, ग्रामोद्योग सहायक संचालक गोरेलाल रात्रे सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।





## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक/M-617-A/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2023-24/ नारायणपुर, दिनांक 15/07/2023

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ('डी' श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 14.08.2023 के 05:00 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि :- 16.08.2023 के 04:00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 16.08.2023 के संध्या 5:00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य की प्राप्तियां :- चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800-अन्य प्राप्तियां
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित )
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- 'डी' एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

| स. क्र. | कार्य/स्थल का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01. | थाना छोटेडोंगर हेतु 01 नग महिला बैरक निर्माण कार्य | 09.00 (लाख) | 18,000.00 | 750/- |
| 02. | थाना छोटे डोंगर हेतु पार्किंग शेड निर्माण कार्य | 03.00 (लाख) | 6,000.00 | 750/- |
| 03. | थाना छोटेडोंगर में थाना प्रभारी कक्ष हेतु अटैच टॉयलेट/बाथरूम निर्माण कार्य | 01.75 (लाख) | 3,500.00 | 300/- |

टीपः-
निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,
नारायणपुर

जी-04001/4

**एक नजर**

### रमन सिंह मिले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से

**रायपुर, 5 अगस्त (मुख्य नगर संवाददाता)।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह इस समय दिल्ली में हैं। वे वरिष्ठ नेताओं से मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रायगढ़ दौरा प्रस्तावित है इसको लेकर काफी उच्च स्तरीय प्रयास चल रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के निज सचिव के अनुसार प्रदेश के सहप्रभारी मनसुख मांडविया सहित राजनाथ सिंह एवं अन्य नेताओं से मुलाकात करने के बाद रमन सिंह कल वापस आ जाएंगे। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ प्रभारी सहित अन्य नेता प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर रायगढ़ प्रवास पर हैं। नेता प्रतिपक्ष भी वहीं हैं।

### देश के सभी केंद्रीय भंडार स्टोर्स पर अब उपलब्ध होंगे छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पाद



**रायपुर 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वन उपज सहकारी संघ, आईआईएम रायपुर और केंद्रीय भंडार ने छत्तीसगढ़ हर्बल्स को लेकर एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। छत्तीसगढ़ के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, जब वनवासियों के सतत् विकास, आजीविका और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तीन सरकारी संस्थान साथ आए हैं। इस एमओयू के तहत सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉइज को-ऑपरेटिव के सभी केंद्रीय भंडार स्टोर्स पर अब छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद उपलब्ध होंगे। प्रदेश की स्व-सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक विकास और समृद्ध भविष्य के लिए यह तीनों संस्थाएं मिलकर काम करेंगी, इससे वनवासी ग्रामीण महिलाओं और वन संग्राहकों की मेहनत को अब देश भर में नई पहचान मिलेगी। इस एमओयू का सबसे बड़ा लाभ वनवासी महिलाओं को मिलेगा, जो हर दिन कड़ी मेहनत, लगन और विश्वास से छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद बना रही हैं। इनके बनाए उत्पादों को राष्ट्र व्यापी बाजार सुलभता से उपलब्ध होगा। छत्तीसगढ़ हर्बल्स भारत का पहला लघु वनोपज आधारित ब्रांड बनने की दिशा में तेजी से विकसित हो रहा है।

### रेल यात्री सीनियर सिटीजन को मिले किराया में छूट

**रायपुर 5 अगस्त।** जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के शुभारंभ के पूर्व देश के 18 करोड़ सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे कन्सेशन को पुनः प्रारम्भ किया जावे । कोचर व चोपड़ा ने कहा कि देश में अमृत काल में रेल्वे स्टेशन की साजसज्जा में 24470 करोड़ का प्रावधान किया गया है । लेकिन देश के 18 करोड़ बुजुर्गो को राहत देने सिर्फ 1500 का प्रावधान नही किया गया है । महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आरोप लगाया कि रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 24470 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है , और अपग्रेड रेलवे स्टेशनों को निजी क्षेत्र को सौपने का षडयंत्र तो नही है । कोचर व चोपड़ा ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि जिन रेलवे स्टेशनों पर करोड़ों का निवेश होगा उन सभी रेलवे स्टेशन का निजीकरण नही किये जाने की घोषणा की जानी चाहिए । कोचर व चोपड़ा ने कहा कि रेलवे की संसदीय समिति ने भी सीनियर सिटीजन को रेलवे टिकट में कन्सेशन दिए जाने की सिफारिश की है , अनेक सांसदों ने संसद सत्र में इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

# नगरीय निकायों में बंपर भर्ती की तैयारी

## चपरासी, बाबू से लेकर मोहर्रिर के सैकड़ों पद रिक्त

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 अगस्त।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अब नगरीय निकायों में भी विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरु की जा रही है। वर्तमान में नगरीय निकायों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि बैठे हुए हैं इसलिए सभी अपने-अपनों की भर्ती कराने के लिए अभी से दबाव बनाए हुए हैं।

नगरीय निकाय विभाग के संचालक से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में इस समय 10 से अधिक नगर निगम एवं 50 से ज्यादा नगर पालिका एवं 100 के आसपास नगर पंचायतें हैं। यहां पर पिछले कई अरसे से भर्ती नहीं हुई है जिसके कारण यहां पर कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान में चपरासी, मोहर्रिर, राजस्व निरीक्षक के पद रिक्त पड़े हुए हैं। नगरीय निकाय विभाग के अनुसार कुल 600 पदों पर नियुक्ति की जानी है। इसके लिए प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर दी जाएगी।

नगरीय निकायों में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि बैठे हैं। वे अपने-अपनों की भर्ती के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं। यहां पर प्लेसमेंट से ही भर्ती करने का जुगाड़ चल रहा है लेकिन सरकार का कहना है कि सभी की नियमित भर्ती की जाए। वर्तमान में नगर निगम रायपुर में ड्राइवर, मोहर्रिर सहित कई अन्य पदों पर सैकड़ों कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हैं। नगरीय निकायों में सिर्फ नगर निगम रायपुर की माली हालत ठीक है। बाकी जगह हालत खराब हैं। केंद्र शासन द्वारा जेएनआरयूएम, लाइवलीहुड, जल जीवन सहित अनेक योजनाएं संचालित की जाती है। इस समय सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर नगरीय निकाय चल रहे हैं। राज्य में इस समय नगर पालिकाओं एवं नगर निगम में वेतन के लाले पड़े हुए हैं। सरकार ने वित्तीय मामलों में छूट दे रखी है। नगर पालिका के सीएमओ एवं अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से ही राशि का आहरण किया जा सकता है जिसको लेकर विवाद पैदा हो गया है।

# बृजमोहन ने किया दानी स्कूल के छात्राओं को सायकल वितरण



**रायपुर 4 अगस्त।** भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभाव हमें जीना सिखाता है, हमें संघर्ष करना सिखाता है और

अभाव से ही संघर्ष कर लोग आगे बढ़ते हैं। जिस दिन हमने प्रभाव का घमंड आ जाता है ना तो हम कुछ सीख पाते और ना ही आगे बढ़ पाते। स्कूलों में छात्र संघ का चुनाव व छात्र संघ पदाधिकारी का चयन से छात्राओ को सामाजिक एवं संसदीय ज्ञान की प्राप्ति होती है,छात्रसंघ की राजनीति यह अंदाज दिलाता है की राजनीति में भी कितनी कठिनाई और कितनी सरलता है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि जगन्नाथ राव दानी स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। इस स्कूल को आगे बढ़ाने में बी आर सेठी मैडम, श्री मति कृष्णा मित्रा, श्री मति विनोद गर्ग मैडम सिंह मैडम व पूर्व के प्रचायों का विशेष योगदान रहा है ।और उस क्रम को डॉ विजय कुमार खंडेलवाल आगे बढ़ा रहे हैं।

एक-एक कर आपके स्कूल की समस्याएं भी दूर हो रही हैं, अच्छे भवन बन गए ,आपका सभा कक्ष सुधर गया आज भी आपका स्कूल हिंदी माध्यम के स्कूलों में प्रदेश के अग्रणी स्कूल में हैं इसलिए आप सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री अग्रवाल ने कहा कि आज स्कूल के बच्चों को साइकिल का वितरण हो रहा है मुझे इस बात का सौभाग्य है की आज जिस सरस्वती योजना के तहत आपको साइकिल मिल रही है इस योजना की शुरुआत जब मैं शिक्षा मंत्री था तब हुआ था और इस योजना के चलते ही स्कूलों में दर्ज संख्या में भारी वृद्धि हुई है।सुदूर गांव की बच्ची दूसरे गांव के स्कूलों में साइकिल के चलते, यातायात सुलभ होने के कारण शिक्षा अध्ययन करने जाने लगी।

# राजधानी में बीच सड़क पर युवक की पिटाई



**रायपुर 5 अगस्त।** राजधानी में एक युवक से बीच सड़क में बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है. शहर के मेकाहारा अस्पताल के पास ठेला लगाने को लेकर दो युवकों ने मिलकर एक युवक की बेदम पिटाई कर दी. वहीं आसपास के लोग बीचबचाव करने भी आए. लेकिन बदमाशों ने मारपीट बंद नहीं की. मारपीट में युवक को चोटें आई है. घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले सभी लोगों को पकड़ कर थाने ले गई. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. यह मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, मौदहापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेकाहारा अस्पताल के पास 2 युवकों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी. यह घटना सुबह लगभग साढ़े 8 बजे की है. घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची. बच्च सड़क में मारपीट करने वाले चारों युवकों को पुलिस पकड़ कर थाने ले गई. बताया जा रहा है कि जीतू साहू और तरुण साहू ने शाकिर अली से मारपीट की है, इस मारपीट में उसके सिर में चोट आई है. वहीं पुलिस को पीड़ित के पास से बटनदार चाकू भी मिला है. यह विवाद ठेला लगाने को लेकर हुआ. आरोपी तरुण साहू और जीतू साहू फल और नाश्ते की दुकान लगाते हैं और पीड़ित साकिर अली चाय गुटका की दुकान लगाता है. मौदहापारा थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि जीतू साहू और तरुण साहू ने पीड़ित जाकिर अली की पिटाई की है. जहां एक युवक पुनीत साहू बीच बचाव करते भी नजर आया. पीड़ित के पास बटनदार चाकू भी मिला है. इसलिए उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है. ये पूरा विवाद ठेला लगाने को लेकर हुआ है. मामले में आरोपी जीतू साहू और तरुण साहू के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# बस्तर टाइगर को जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**रायपुर 5 अगस्त।** 'बस्तर टाइगर' के नाम से विख्यात महेंद्र कर्मा की आज जयंती है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर सांसद दीपक बैज एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी भी उपस्थित थे.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महेंद्र कर्मा को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता और मंत्री के रूप में महेन्द्र कर्मा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली और छत्तीसगढ़ के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया. वे सिर्फ एक राजनेता नहीं थे, बल्कि एक बेहद संवेदनशील, जागरूक और भावुक इंसान भी थे. महेंद्र कर्मा आदिवासियों के हक की हर लड़ाई में दमदारी से अपनी बात रखते थे, इसलिए वे बस्तर टाइगर के नाम से भी जाने जाते थे. उनके जैसे निःस्वार्थ व्यक्ति और अच्छे मित्र का साथ मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है. उन्होंने जीवन के अंतिम क्षण तक आदिवासियों की बेहतरी के लिए संघर्ष किया. झीरम घाटी नक्सल हमले में उनकी शहादत छत्तीसगढ़ भुला नहीं पाएगा.



मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि महेंद्र कर्मा की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए राज्य सरकार ने बस्तर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर किया और उनके नाम पर प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना प्रारंभ की गई है. उन्होंने कहा कि उनके विचार और जीवन मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### चुनाव जीतने के लिए कांग्रेसजनों को दिए गए टिप्स

**रायपुर, 5 अगस्त(मुख्य नगर संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव में रायपुर शहर की सभी सीटों पर जीत के लिए आज कांग्रेस भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। कांग्रेस भवन से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर शहर में चार विधानसभा सीट हैं। एक सीट को छोड़कर सभी में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस अब चारों में अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। मुख्यमंत्री बघेल ने दक्षिण विस चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। उत्तर विधानसभा सीट के लिए भी प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा है। यहां पर चेम्बर के एक पदाधिकारी को टिकिट मिलने की संभावना है। कांग्रेस के संगठन मंत्री के अनुसार मुख्यमंत्री ने संगठन को मजबूत करने के लिए अनेक टिप्स दिए हैं। बूथ स्तर पर तैयारियां की जा रही है ताकि सभी सीटों पर कब्जा बरकरार रहे। राहुल गांधी की न्यायालय में हुई जीत के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त है। आज कांग्रेस भवन में भी हर्ष का माहौल देखा गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आए। मुख्यमंत्री के पास टिकिट के दावेदारों की भीड़ लगी हुई है।

# ग्रीन डे पर बच्चों ने पौधों के संरक्षण का दिया संदेश

**रायपुर 5 अगस्त।** अश्वनी नगर में स्थित बिन्दा सोनकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बारिश की बौछारों के बीच स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ग्रीन डे मनाया। इस दौरान बच्चों ने पौधों का संरक्षण कैसे करें व उसे किस तरह से बचाया जाए इसका संदेश दिया। छात्रों ने क्राफ्ट एक्टीविटी, ग्रीन फुड और ग्रीन फरुट की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे हुए थे। वहीं टीफिन में ग्रीन कलर के फूड, फरुट लाकर छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य सायरा बानो, शिक्षिका सीमा वासनिक, सरिता यादव, सुषमा, कौशिक, ममता शर्मा, वर्षा, चेतना, पूर्णिमा, ममता सोनकर, सरिता सोनकर, पुष्पा, अनीता, सरिता सोनकर, माया, किरण व शिक्षक टेकराम उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। स्कूल की प्राचार्य



सायरा बानो ने बताया कि बच्चों को हरे रंग का महत्व बताने के लिए यह आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा उन्हें मनोरंजक तरीके से हरी सब्जी-फल और जनउपयोगी हरी चीजों का महत्व बताया गया। बच्चे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हरे रंग के परिधान में विद्यालय पहुंचे और अपने साथ हरे रंग के बैलून व पौधा लेकर साथ आए थे। इस मौके पर बिन्दा सोनकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।




# खुद को नेता साबित करने के लिए दीपक बैज कर रहे हैं बैठक: अजय

**रायपुर,5 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों की कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली बैठक को लेकर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि दीपक बैज को कांग्रेस में कोई नेता नहीं मानता है. खुद को नेता साबित करने के लिए बैठक कर रहे हैं. उन्हें सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी स्वतंत्र छवि है. वह अपनी मर्जी से नियुक्ति करेंगे, मुख्यमंत्री के सील ठप्पा नहीं है. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने प्रदेश सरकार के रोका छेका अभियान को लेकर कहा कि प्रदेश में जंगल कानून लागू है. कोई आदमी किसी भी तरह का अत्याचार कर सकता है. कानून का कोई राज नहीं है, कोई जनकल्याणकारी योजनाएं नहीं है. केवल भ्रष्टाचार को छोड़कर. सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जानवर पकड़ने में लगाना चहिए. यह सोमालिया की तरह असफल राज्य है. जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर अजय चंद्राकर ने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि जो कहा है वह करते क्यों नहीं.हड़ताल उनका मौलिक अधिकार है. इसका सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं पर नहीं, प्रत्येक विभाग में असर बढ़ रहा है. सभी वर्ग सरकार से परेशान हैं. अजय चंद्राकर ने केन्द्र से मिलने वाली राशि को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कहा कि मैं कांग्रेसियों का बयान सुन रहा था. कुछ कांग्रेसी रेल टिकट को भी उसमें जोड़े हैं. यह इनका दिमागी दिवालियापन है. अपनी असफलता छिपाने के लिए उलूल-जुलुल वक्तव्य दे रहे हैं. छत्तीसगढ़ को पैसा क्यों चाहिए? सरकार को पैसे की क्या जरूरत है? भ्रष्टाचार करने के लिए पैसा चाहिए. चंद्राकर ने पीएम आवास के लिए केंद्र की राशि न मिलने से दिक्कतों को लेकर कहा कि ये प्रधानमंत्री आवास बनाना ही नहीं चाहते हैं. प्रधानमंत्री के नाम से इन्हें घृणा है. इनके जल जीवन मिशन का भ्रष्टाचार सबको मालूम है. डीएमएफ फंड से ही गौठान बने हैं. कांग्रेसियों को बांटने के लिए पैसा चाहिए क्या? दारू बेचने के लिए आउटसोर्सिंग के लिए दूसरी कंपनी चाहिए क्या? किसके लिए पैसा चाहिए, स्पष्ट कर लें, हम दिलवा देंगे. वहीं छत्तीसगढ़ में सड़कों की स्थिति पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने तंज कसते हुए कहा कि विधानसभा में मैने किसानों में थरहा दे देने की बात कही थी।

# मांगों को लेकर चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल सीएस से मिला



**रायपुर 5 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने चेंबर की प्रमुख मांगों को लेकर मंत्रालय में श्री अमिताभ जैन जी, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात की जिस पर मुख्यसचिव महोदय ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उक्त मांगों पर उचित कदम उठाने की बात कही जिसके लिए चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने उनका आभार व्यक्त किया। चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि चेंबर प्रतिनिधि मंडल श्री अमिताभ जैन जी, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन से मिला और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा। 'होलसेल कॉरिडोर'' को शीघ्रताशीघ्र मूर्त रूप प्रदान करने बाबत, प्रदेश स्तर पर स्मार्ट बाजार योजना के गतिशील क्रियान्वयन हेतु, नियमितिकरण योजना को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने हेतु, थोक बाजार सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्केट की फ्रीहोल्ड शुल्क से संबंधित समस्या के निराकरण बाबत, राज्य में औद्योगिक प्रयोजन हेतु ''भू जल दोहन'' जल-कर के युक्तियुक्त करण हेतु,व्यापारिक संस्थानों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मल्टीकनेक्शन बिजली मीटर देने हेतु निवेदन, पंडरी में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क के निर्माण हेतु निवेदन, डूमरतराई थोक किराना एवं अनाज बाजार में पानी व्यवस्था नियमित करने बाबत, मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स व्यापारियों को छूट देने बाबत, किराना एवं दलहन आयातकों पर कृषि मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट आदि के संबंध में सार्थक चर्चा की इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा,डाक्टर राकेश गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23